उज्जैन
बुधवार
03
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-210
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



चंडीगढ़ में रैपर बादशाह का क्लब सील:मंजूर नक्शे से ज्यादा निर्माण किया, कई नोटिसों के बावजूद नहीं हटाया

## सरकार ने सीबीएसई के चेयरमैन और सचिव को हटाया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ऑन स्क्रीन मार्किंग विवाद के बीच सीबीएसई के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का ट्रांसफर कर दिया।



इसके अलावा ओएसएम सर्विस के टेंडर और खरीद प्रक्रिया की जांच के लिए एक सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। इनकी जगह सरकार ने सीनियर आईएएस ऑफिसर लोखंडे प्रशांत सीताराम को सीबीएसई का नया चेयरमैन और वरुण भारद्वाज को सचिव नियुक्त किया है। प्रशांत लोखंडे 2001 बैच के एजीएमयूटी (अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश) कैडर के अनुभवी प्रशासनिक अधिकारी हैं। वहीं, वरुण भारद्वाज साल 2008 बैच के भारतीय सूचना सेवा अधिकारी है।

## आरबीआई मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग आज से

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग 3 जून से शुरू हो रही है। यह 5 जून तक चलेगी। इसी दिन सभी फैसलों का ऐलान किया जाएगा। एक्सपर्ट्स के अनुसार इस मीटिंग में ब्याज दरों में कटौती की कम ही उम्मीद है। अप्रैल में हुई मीटिंग में भी रेपो रेट में कटौती नहीं की गई थी। फरवरी 2025 में ब्याज दरों को 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया था। मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी। दूसरी बार अप्रैल में हुई मीटिंग में भी ब्याज दर 0.25% घटाई गई। जून में तीसरी बार आरबीआई में दरों में 0.50% कटौती की थी। दिसंबर में 0.25% की कटौती के बाद ब्याज दरें 5.25% पर आ गई थी।

## रणवीर सिंह ने एफडब्ल्यूसीआई को भेजा लीगल नोटिस

**मुंबई।** रणवीर सिंह ने फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज को लीगल नोटिस भेजा है। ऐसा दावा एनडीटीवी की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि रणवीर ने यह लीगल नोटिस 2 जून को भेजा था।



हालांकि, नोटिस में एक्टर ने क्या मांगें रखी हैं, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। एफडब्ल्यूसीआई ने 25 मई 2026 को रणवीर के खिलाफ नॉन-कोऑपरेशन जारी किया था, जिसके तहत संस्था ने अपने सभी सदस्यों से रणवीर के किसी भी प्रोजेक्ट में काम न करने को कहा था।

## बंगाल में टीएमसी नेता घूस के पैसे लौटा रहे, सरकारी लाभ के बदले लिए थे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद अब गांव-गांव में नेताओं से अवैध वसूली या कट-मनी, यानी रिश्वत का हिसाब मांगा जा रहा है। कई जिलों में तृणमूल से जुड़े स्थानीय नेताओं पर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर रिश्वत लेने के आरोप सामने आ रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि बढ़ते दबाव के बीच कुछ नेताओं ने कट-मनी के नाम पर वसूले पैसे लौटाने भी शुरू कर दिए हैं। कूचबिहार के घुघुमारी इलाके में स्थानीय नेताओं ने लाउडस्पीकर से घोषणा कर लोगों को पैसे लौटाने की बात कही। कूचबिहार के ही माथाभांगा शहर के सुभाषपल्ली इलाके में आवास योजना के 14 लाभार्थियों को उनसे लिया गया कमीशन वापस किया गया। भाजपा नेताओं का दावा है कि कुछ लाभार्थियों ने पैसे वापस मिलने के बाद स्थानीय मंदिर में पूजा भी की।

## भारत बोला- नेपाल से सीमा विवाद में तीसरे पक्ष का रोल बर्दाश्त नहीं

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत-नेपाल सीमा से जुड़े नेपाली पीएम बालेन शाह के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया दी है।



उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच करीब 98% सीमा का निर्धारण पहले ही किया जा चुका है, लेकिन कुछ हिस्सों पर अभी भी सहमति बननी बाकी है। उन्होंने बताया कि गंडक नदी का रास्ता बदलने की वजह से कुछ इलाकों में सीमा से जुड़े सवाल पैदा हुए हैं। इसके अलावा, कुछ जगहों पर सीमा पार कब्जे और नो-मैन्स लैंड पर अतिक्रमण के मामले भी हैं, जिनकी दोनों देश मिलकर मैपिंग कर रहे हैं।

## हाईवे पर बस और बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत, 4 लोगों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के परभणी जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। परभणी-पाथरी हाईवे पर एक निजी यात्री बस और मोटरसाइकिल के बीच हुई आमने-सामने की भीषण भिड़ंत में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार चारों लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। यह हादसा हाईवे पर स्थित राहुल जिनिंग के पास, अंधरवाड़ मारुति मंदिर क्षेत्र के करीब हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस प्रशासन तुरंत मौके पर पहुंचे।

### सूखा, बाढ़, समुद्री-स्थलीय हीटवेव और मौसम के खतरनाक रूप देखने को मिल सकते हैं

# भारत समेत दुनियाभर में 3 महीने तक सूखे की आशंका

### प्रशांत महासागर में तेजी से गर्म हो रहे समुद्री जल के कारण जून से अगस्त के बीच अल नीनो बनने की 80% आशंका

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारतीय मौसम विभाग के बाद विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने भी वैश्विक जलवायु को लेकर चेतावनी जारी की है। संयुक्त राष्ट्र की इस मौसम एजेंसी के मुताबिक, प्रशांत महासागर में तेजी से गर्म हो रहे समुद्री जल के कारण जून से अगस्त के बीच अल नीनो बनने की आशंका 80% है।

नवंबर तक इसके 90% या उससे ज्यादा बने रहने की आशंका है। अल नीनो आगे चलकर और मजबूत हो सकता है। इससे भारत समेत दुनियाभर में सूखा, बाढ़, समुद्री-स्थलीय हीटवेव और मौसम के खतरनाक रूप देखने को मिल सकते हैं। कृषि मंत्रालय ने राज्यों और संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया है कि सामान्य से कम मानसून और अल नीनो की आशंका को देखते हुए जिलास्तर पर प्लान लागू करें। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि साथ ही किसानों तक जल्दी जानकारी पहुंचाने के लिए डिजिटल और कॉल सेंटर सेवाओं को मजबूत करें।

**केंद्र का निर्देश- राज्य इससे निपटने का प्लान लागू करें**



**क्या है अल नीनो और ये क्यों आता है-** प्रशांत महासागर के भूमध्यरेखीय क्षेत्र में जब समुद्री हवाएं कमजोर पड़ती हैं, तो दक्षिण अमेरिकी तट का पानी असामान्य रूप से गर्म होने लगता है। समुद्र के पानी के गर्म होने को अल नीनो कहते हैं। यह वैश्विक हवाओं और बादलों के पैटर्न को बदलकर दुनियाभर के मौसम को तहस-नहस कर देता है।

#### भारत में 2 एक्टिव सिस्टम से मानसून बच सकता है

डब्ल्यूएमओ के अनुसार, अल नीनो के बावजूद भारत में मानसून बच सकता है, यदि ये दो सिस्टम एक्टिव रहें-

- पहली- इंडियन ओशन डायपोल। इसे हिंद महासागर का अल नीनो भी कहते हैं। यदि इसका फेज पॉजिटिव हो, तो यह अल नीनो के सूखे के प्रभाव को पूरी तरह खत्म कर भारत में अच्छी बारिश करा सकता है।
- दूसरा- मैडेन-जूलियन ऑस्सिलेशन। यह बादलों और हवाओं का एक वैश्विक चक्र है जो भूमध्य रेखा पर घूमता रहता है। जब यह भारत के ऊपर से गुजरता है, तो कमजोर मानसून में भी भारी बारिश के स्पेल (दौर) लेकर आता है।

#### समुद्र का पानी 6 डिग्री ज्यादा गर्म हुआ

हटड के वैज्ञानिकों के मुताबिक, समुद्र की सतह के नीचे का पानी सामान्य से 6 डिग्री तक ज्यादा गर्म मिला है। यह चिंताजनक है। समुद्र में जमा यही अतिरिक्त ऊष्मा सतह को गर्म कर रही है, जिससे अलनीनो को रफ्तार मिल रही है।

#### प्रभावित देशों को तैयार रहने को कहा

संगठन ने गंभीर सूखे की आशंका जताई है। उसने भारत समेत सभी प्रभावित देशों की सरकारों, कृषि, स्वास्थ्य, ऊर्जा विभागों को युद्ध स्तर पर तैयार रहने को कहा है। समय पर मिली सटीक चेतावनी और पूर्व-तैयारी से ही लाखों जानें बच सकती हैं। इससे पहले साल 2023-24 का अल नीनो इतिहास के पांच सबसे शक्तिशाली दौर में शामिल था, जिसने 2024 में वैश्विक तापमान के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे।

# 200 साल पुरानी मस्जिद 22 मिनट में ढहाई

### आधी रात 1000 जवान तैनात, 5 बुलडोजर चले, पूरा मलबा रातों-रात हटवाया

ब्रह्मास्त्र ›› वाराणसी

वाराणसी में आधी रात प्रशासन ने 200 साल पुरानी अजगैब शहीद मस्जिद को ढहा दिया। महज 22 मिनट में 5 बुलडोजरों ने 42 फीट ऊंची मस्जिद को तोड़ दिया। पूरा मलबा भी रातों-रात ट्रकों में भरकर हटा दिया गया।

मंगलवार रात 12 बजे प्रशासन 1000 से अधिक पुलिस जवानों के साथ मौके पर पहुंचा। डीसीपी काशी गौरव बंसवाल और एडीसीपी वैभव बांगर ने मस्जिद के चारों ओर बैरिकेडिंग करवाई। लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई। इसके बाद बुलडोजर एक्शन शुरू हुआ।

प्रशासन का कहना है कि मस्जिद रेलवे की जमीन पर बनी थी। मामला कोर्ट गया था, वहां से फैसला रेलवे के पक्ष में आ चुका है। यहां काशी रेलवे स्टेशन को मॉडल बनाया जा रहा है। इसलिए उसका विस्तार किया जा रहा, इसी वजह से यह कार्रवाई की गई।



#### जानिए पूरा मामला

- भदऊ चुंगी स्थित किला कोहना इलाके में अजगैब शहीद की मस्जिद और कब्रिस्तान स्थित है। मुस्लिम पक्ष का दावा है कि मस्जिद 200 साल पुरानी थी। मस्जिद के मुतवल्ली शमीम उस्ताद थे, जिनका दो महीने पहले निधन हो चुका है।
- प्रशासन का कहना है कि यह रेलवे की पुरानी जमीन है, जिस पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा करके पहले मजार बनाई। बाद में मस्जिद और कब्रिस्तान का निर्माण किया गया। साल 2024 में काशी मॉडल रेलवे स्टेशन का प्रोजेक्ट आया। इसके बाद जमीन की पैमाइश कराई गई, जिसमें अवैध कब्जे का पता चला।

## 21 साल बाद संभाग की सड़कों पर सरकारी बसें दौड़ने की तैयारी में



### 1 अगस्त से संभाग के 120 मार्गों पर 371 बसें दौड़ने लगेंगी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

करीब 21 साल बाद संभाग की सड़कों पर सरकारी बसें दौड़ने की तैयारी अब अंतिम दौर में पहुंच गई है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो 1अगस्त से उज्जैन संभाग के भी 120 मार्गों पर 371 बसें दौड़ने लगेंगी। सीएम सुगम बस के नाम से शुरू होने वाली इस सेवा की तैयारियों को भोपाल में सीएम डॉ. मोहन यादव ने परखा। परिवहन विभाग के अफसरों के साथ हुई मीटिंग में सबसे पहले इंदौर से बस सेवा शुरू करने का फैसला किया गया है।

2005 में मध्यप्रदेश सड़क परिवहन निगम को पूरी तरह बंद कर दिया गया था। प्रदेश और प्रदेश के बाहर सेवा संचालित करने वाले निगम के बंद होने से मध्यप्रदेश में सडक परिवहन पूरी तरह निजी क्षेत्र पर निर्भर हो गया था। प्राइवेट ऑपरेटरों की मनमानी, दादागीरी के कारण यात्री परेशान हो रहे थे।अब यात्रियों को ही फायदा पहुंचाने के लिए सीएम सुगम बस सर्विस शुरू की जा रही है। इसके तहत एक राज्य स्तरीय और सात संभाग स्तरीय कंपनियां बनाई गई हैं।

उज्जैन संभाग में बस सेवा का संचालन उज्जैन सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड यूसीटीएसएल) के माध्यम से होगा। यूसीटीएसएल 120 मार्ग पर 371 बसें चलाएगी। यूसीटीएसएल के ईडी संदीप सोनी ने बताया कि कंपनी को पहले चरण में 100 ई-बसें मिलने वाली हैं। यह पीएम बस सर्विस के तहत आएंगी। इन बसों को खड़ा रखने के लिए डिपो और चार्जिंग स्टेशन तैयार किए जा रहे हैं। करीब 35 फीसदी तक काम पूरा हो गया है। अगले चरण में टिकिटिंग का काम होना है। इसके लिए टेंडर जारी किया जा चुका है। सोनी के मुताबिक 1 अगस्त से सेवा शुरू करने की जानकारी मिली है। कंपनी के तय रूट पर बसें शुरू की जाएंगी। पहले यूसीटीएसएल का दायरा सिर्फ उज्जैन शहर था, अब यह पूरा संभाग हो गया है। ऐसे में यह तय है कि सिटी के भीतर बस चलाने के साथ, एक से दूसरे जिले और ग्रामीण क्षेत्रों को भी एक दूसरे से जोड़ने के लिए भी बसें चलाई जाएंगी।

### एमपी-यूपी समेत 11 राज्यों में आंधी-बारिश

## जम्मू-कश्मीर में बादल फटा

ब्रह्मास्त्र ›› लखनऊ

देशभर में आंधी-बारिश से पारा 40 डिग्री के नीचे आ गया है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, उत्तराखंड, झारखंड, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात में बारिश हुई।

यूपी के आगरा में करीब एक घंटे तक तेज बारिश से सड़कें और फुटपाथ धंस गए। इसमें ट्रैक्टर-ट्रॉली, कारें और ट्रक पलट गए। एमपी के सिंगरौली में बिजली गिरने से किशोर की और नीमच में जर्जर मकान की छत गिरने से मां-बेटे की मौत हो गई।

जम्मू-कश्मीर के डोडा, किश्तवाड़ और पुंछ जिलों में बादल फटे। इससे सड़कें जाम हो गईं, रिहायशी इलाके पानी में डूब गए और गाड़ियां मलबे में फंस गईं। अनंतनाग जिले में आंधी में पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

### सोनम वांगचुक कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थन में आए

## शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया तो 6 जून को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन में शामिल होऊंगा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने कॉकरोच जनता पार्टी की मांगों और विचारधारा का समर्थन किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मंगलवार को खुद इसकी जानकारी दी।



वांगचुक ने वीडियो मैसेज जारी कर कहा- मैंने सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दिपके से बात की। उनसे बात करके मुझे लगा कि उनकी मंशा गलत नहीं है। वे एक देशप्रेमी हैं और बदलाव चाहते हैं। वांगचुक ने कहा- अभिजीत 6 जून को दिल्ली में लोगों को बुला रहे हैं। अगर 5 जून तक शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा नहीं दिया तो मैं भी जंतर-मंतर पर सीजेपी के प्रदर्शन में शामिल होऊंगा। अभिजीत दिपके 6 जून को अमेरिका से भारत लौटेंगे। उन्होंने 1 जून को सोशल मीडिया पर बताया था कि वे जंतर-मंतर पर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे। अभिजीत ने बताया कि वे एयरपोर्ट से सीधे पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन जाएंगे और प्रदर्शन की इजाजत मांगेंगे। उन्होंने लोगों से एयरपोर्ट पर मिलने और प्रदर्शन में शामिल होने की अपील भी की।

### ईरान का कुवैत-बहरीन में

# अमेरिकी ठिकानों पर हमला

### अमेरिका ने होर्मुज में ईरानी आइलैंड को निशाना बनाया



ब्रह्मास्त्र ›› तेल अवीव

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बुधवार को फिर बढ़ गया है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्‌र्स कॉर्प्स ने दावा किया कि उसने कुवैत और बहरीन में अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के हेडक्वार्टर, मिलिट्री एयरबेस और हेलीकॉप्टरों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए है।

वहीं अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि ईरान ने क्षेत्रीय देशों की तरफ कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। हालांकि, सभी हमले फेल हो गए। कुवैत पर दागी गई दो मिसाइलें या तो टारगेट से चूक गईं या रास्ते में ही नष्ट कर दी गईं। बहरीन पर दागी गई 3 मिसाइलों को अमेरिकी और बहरीन एयर डिफेंस सिस्टम ने रोक दिया।

दूसरी ओर, अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट में ईरान के केशम आइलैंड स्थित एक कम्युनिकेशन्स टावर पर अटैक किया। अमेरिकी सेना ने इसे आत्मरक्षा में किया हमला बताया है।

अमेरिका ने होर्मुज के पास एक ऑयल टैंकर पर भी हमला किया है। केंटकॉम ने इसका एक ड्रोन वीडियो भी जारी किया। बोत्सवाना के झंडे वाले इस ऑयल टैंकर से आग की लपटें निकलती दिखाई दीं। अमेरिकी नाकेबंदी के हमले का शिकार हुआ यह टैंकर होर्मुज स्ट्रेट से ईरान के खार्ग आइलैंड की तरफ जा रहा था।

**ईरान ने अमेरिक सैन्य ठिकानों पर हमले किए:** ईरान ने कुवैत और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल-ड्रोन हमले किए। अमेरिका ने दावा किया कि ज्यादातर मिसाइलें हवा में ही इंटरसेप्ट कर दी गईं।

**अमेरीका ने ईरानी ऑयर टैंकरों पर हमले किए:** अमेरिका ने ईरान के केश्म आइलैंड, गोरुक और होर्मुज के पास ऑयल टैंकरों पर हमले किए। ईरान ने जवाब में एक जहाज को मिसाइल से निशाना बनाया। ट्रम्प ने लेबनान में इजराइली हमलों पर नेतन्याहू को फोन पर फटकार लगाई। रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा- अगर मैं नहीं होता तो तुम जेल में होते।

## 13 साल उम्र,3 साल में 700 लोगों ने रेप किया

ब्रह्मास्त्र ›› लंदन

ब्रिटिश सांसद रूपर्ट लोव ने संसद में अपने एक भाषण से ब्रिटेन के ग्रूमिंग गैंग कांड पर फिर से बहस छेड़ दी है। उन्होंने इस भाषण में पीड़ितों की गवाही पढ़ी। उन्होंने संसद को बताया कि रेप गिरोह की दो हफ्तों की जांच की सुनवाई के दौरान जो बातें कही गईं, उसे पूरी दुनिया को सुननी चाहिए।

उन्होंने दावा किया कि एक पीड़ित से 13 से 16 साल की उम्र के बीच 600-700 अलग-अलग पुरुषों ने रेप किया। लोव ने कहा, ब्रिटेन के कम से कम 85 इलाकों में संगठित बाल यौन शोषण के संकेत मिले हैं। संसद में पढ़ी गई गवाहियों में सामूहिक दुष्कर्म, हिंसा, धमकी और नस्लीय अपमान के आरोप शामिल थे। एक गवाही में कहा गया कि पीड़ित को ड्रग्स देकर कई लोगों के हवाले किया जाता था। उन्हें पिंजरों में कैद रखा जाता था। दूसरी पीड़ित ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर जान से मारने और परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी जाती थी। रूपर्ट लोव ने कहा- अब इन मामलों पर चुप नहीं रहा जा सकता।



Gunjan Shrivastav 98263 96368

उज्जैन
बुधवार
03
जून, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

नारुन्तुदः स्यान्न नृशंसवादी न हीनतः परमभ्याददीत।
ययास्य वाचा पर उद्विजेत न तां वदेदुषतीं पापलोक्याम्॥

**अर्थ**: दूसरे के मर्म को चोट न पहुंचाए, चुभने वाली बातें न बोले, घटिया तरीके से दूसरे को वश में न करे, दूसरे को उद्विग्न करने एवं ताप पहुंचाने वाली, पापी जनों के आचरण वाली बोली न बोले।

## खबर एक नजर...

### गोंदिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में पदस्थ यादव की उपस्थिति जोन 4 में मिली, कार्रवाई होगी

**उज्जैन।** जोन क्रमांक 4 कार्यालय का बुधवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लिया तथा हाजिरी रजिस्टर की जांच की। निरीक्षण में कुछ कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त ने संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश जोनल अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। आयुक्त को रजिस्टर में एक अनियमितता भी मिली। गोंदिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक कैलाश यादव की उपस्थिति जोन कार्यालय के रजिस्टर में दर्ज पाई गई। उन्होंने कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### विक्रम विवि के रोजगारोन्मुखी 3 पाठ्यक्रमों से नौकरी के अवसर

**उज्जैन।** बड़ी डिग्रियां हासिल करने के बाद भी रोजगार के लिए भटक रहे युवाओं के लिए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की समाजशास्त्र अध्ययनशाला ने नई शिक्षा नीति के तहत तीन रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू किए हैं, जिन्हें पूरा करने के बाद सीधे नौकरी के अवसर मिलने का दावा किया है। विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति उपाध्याय के अनुसार अध्ययनशाला में एक वर्षीय गाइडेंस एंड काउंसलिंग डिप्लोमा संचालित है, जिसके बाद शासकीय चिकित्सालयों और बड़े निजी अस्पतालों में रोजगार की संभावनाएं बनती हैं। वर्तमान सामाजिक परिवेश को देखते हुए छह माह का फैमिली एंड मैरिज गाइडेंस सर्टिफिकेट कोर्स भी उपयोगी बताया गया है। विभाग के मुताबिक यह पाठ्यक्रम टूटते परिवारों को संभालने और उन्हें स्थायित्व देने में मदद करता है। अध्ययनशाला ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों में नई शिक्षा नीति के तहत प्रवेश के लिए उम्र या भाषा की कोई बाध्यता नहीं है और कोई भी स्नातक डिग्रीधारी व्यक्ति किसी भी उम्र में इनमें प्रवेश ले सकता है। प्रवेश संबंधी अधिक जानकारी के लिए सुमन मानविकी भवन स्थित समाजशास्त्र अध्ययनशाला में संपर्क किया जा सकता है।

### हरियाखेड़ी प्रोजेक्ट की रोड बारिश से पहले हो तैयार

**उज्जैन।** सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए चल रहे सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने दिए। उन्होंने कहा हरियाखेड़ी प्रोजेक्ट के अंतर्गत हरिफटक रोड से नीलगंगा मार्ग तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य को बारिश से पहले हर हाल में पूरा किया जाए। आयुक्त मिश्रा ने इस मार्ग का निरीक्षण करते हुए कार्य की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित ठेकेदार को कार्य की गति तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बारिश के दौरान किसी प्रकार की जलभराव की स्थिति न बने, इसके लिए कार्य स्थल पर पहले से ही समुचित जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही आयुक्त मिश्रा ने नीलगंगा चौराहा से शांतिनगर तक चल रहे चौड़ीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया।

### इंदौर में 85 वर्षीय बुजुर्ग से 51 लाख की ठगी, कई बैंक अकाउंट्स में डलवाए लाखों रुपए

**इंदौर।** इंदौर की एक युवती ने निवेश के नाम पर एक बुजुर्ग के साथ लाखों रुपए की ठगी की वारदात को अंजाम दिया। बुजुर्ग को बातों में उलझाकर विभिन्न बैंक खातों में लाखों रुपए ट्रांसफर करवा लिए गए। इस मामले में साइबर सेल को शिकायत की गई है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। एमआईजी पुलिस के पास पॉश इलाके में रहने वाले 85 वर्षीय बुजुर्ग मनोहरलाल नागोरी निवासी अनुराग नगर की शिकायत पहुंची थी। मामले में पुलिस मंगलवार को उनसे मिली और पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। मनोहरलाल ने बताया कि उनके साथ करीब 51 लाख 80 हजार रुपए की ठगी हुई है। पुलिस ने बताया कि मनोहरलाल घर पर ही रहते हैं। 18 अप्रैल को उनके पास व्हाट्सएप पर एक युवती का कॉल आया। उसने अपना नाम शिवानी बताया। उसने कहा कि वह आनंद राठी ग्रुप से जुड़ी है और कंपनी की मैनेजर के रूप में बात कर रही है।

### युवतियों के विवाद के बाद कैब ड्राइवर पर हमला, चाकू-ब्लेड से पैर फाड़ा

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में कैब ड्राइवर पर हुए हमले का सीसीटीवी सामने आया है। बताया जा रहा है कि जिस रात एक युवती ने अपनी दो सहेलियों के साथ मिलकर एमआईजी स्थित सरपंच कैफे में एक अन्य युवती पर चाकू से हमला किया था, उसी रात बाद में अरविंदो के पास भी चाकूबाजी की घटना हुई। पीड़ित युवक थाने पहुंचा था, लेकिन थाना प्रभारी के मौजूद नहीं होने पर पुलिस ने आवेदन लेकर उसे रवाना कर दिया। मंगलवार को युवक दोबारा थाने पहुंचा और पुलिस को सीसीटीवी फुटेज सौंपे हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार रात एमआईजी स्थित सरपंच कैफे में आरूही नाम की युवती पर वैष्णवी, नेहा और अच्छू ने चाकू से हमला किया था। घटना के बाद तीनों वहां से भाग गई थीं। बताया जा रहा है कि इसके बाद अच्छू अपने साथी आदि और अन्य युवकों के पास पहुंची।


## इंदौर में पानी की बर्बादी और गंदगी फैलानों वालों पर भी सख्त कार्रवाई

# नर्मदा लाइन से डायरेक्ट पानी खींचा, 19 मोटरें जब्त

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में पानी की सप्लाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और नर्मदा लाइन से डायरेक्ट मोटर लगाकर पानी खींचने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए नगर पालिक निगम इंदौर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल के निर्देश पर निगम के चार विशेष दल रोजाना शहर में अलग-अलग जोन इलाकों में सघन चेकिंग और कार्रवाई कर रहे है।

अभियान का उद्देश्य जल वितरण व्यवस्था को प्रभावित करने वाले मोटर पंपों को हटाना और सभी लोगों को समान रूप से पानी की उपलब्धता करना है और पानी ढोलने व गंदगी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना है।





मंगलवार को निगम के दलों ने अलग-अलग क्षेत्रों में अभियान चलाते हुए नर्मदा लाइन से डायरेक्ट मोटर लगाकर पानी खींचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान जोन क्रमांक 12 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 66 स्थित कोयला बाखल इलाके से 8 पानी की मोटर जब्त की गई। वार्ड क्रमांक 44 के नया बसेरा इलाके से 4 पानी की मोटर जब्त की गई। वार्ड 18 के बजरंगपुरा एवं सुगंधा नगर इलाके में कार्रवाई करते हुए 6 पानी की मोटर जब्त की गई। इस तरह अलग-अलग इलाकों में अभियान चलाकर 19 अवैध मोटर पंप जब्त किए।

**61 लोगों पर की चालानी कार्रवाई-** निगम कमिश्नर ने कहा कि पानी की लाइन पर डायरेक्ट मोटर लगाकर पानी खींचने से पानी की सप्लाई व्यवस्था प्रभावित होती है और अन्य उपभोक्ताओं को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। ऐसे मामलों में निगम द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। इधर, पानी की अनावश्यक बबार्दी करने, सड़क पर पानी बहाने और पानी बहाकर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 61 लोगों के चालान बनाकर 37 हजार 550 की राशि वसूल की गई।

### 4 कर्मचारियों की सेवा समाप्त

नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल के निदेर्शा पर गर्मी के मौसम में शहर की जनता को निर्बाध व सुचारू रूप से पानी की सप्लाई सुनिश्चित किए जाने के लिए जोन में आने वाली टंकियों को पूरा क्षमता से भरकर पानी की सप्लाई किए जाने के क्रम में जोन 5 अंतर्गत बजरंग नगर पानी की टंकी पर टेंकरो के समुचित संचालन एवं व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर 4 विनियमित एवं मस्टर कर्मचारी की सेवा समाप्त की गई।

## 92 करोड़ रुपए की गड़बड़ी के सबूत मिले

# नगर निगम के फर्जी बिल घोटाले में पूर्व सहायक यंत्री सहित तीन गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इंदौर नगर निगम के बहुचर्चित फर्जी बिल घोटाले में सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए मास्टरमाइंड व पूर्व सहायक यंत्री अभय राठौर, मोहम्मद जाकिर और राहुल वडेरा को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों को मंगलवार को पीएमएलए के स्पेशल जज के समक्ष पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उन्हें तीन दिन की ईडी रिमांड पर सौंप दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार, साल 2024 में उजागर हुए इस घोटाले में जांच एजेंसी को अब तक 92 करोड़ रुपए की हेराफेरी के पुख्ता सबूत मिल चुके हैं। ईडी ने पिछले साल मामले में 20 से ज्यादा लोगों के ठिकानों पर छापे मारे और 34 करोड़ की 43 अचल संपत्तियां अटैच भी की हैं। अटैच की गई संपत्तियों में मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में स्थित 43 रिहायशी और कृषि संपत्तियां शामिल हैं। अगली सुनवाई अब 5 जून को होगी।

फर्जी वर्क ऑर्डर और फाइलें तैयार की गईं। पुराने कामों को नया दिखाकर बिल बनाए गए। अधिकारियों के लॉगिन, आईडी-पासवर्ड और सिस्टम एक्सेस का दुरुपयोग हुआ। लेखा




शाखा तक भुगतान की फाइलें पहुंचाई। बिना काम ही ऑडिट व तकनीकी अनुमोदन तक कर दिया गया। फर्जी बिलों का भुगतान ठेकेदारों के खातों तक पहुंच भी गया।

**ड्रेनेज की फाइलों में घोटाला-** 2024 में नगर निगम के ड्रेनेज विभाग में पुराने कार्यों के नाम पर भुगतान की फाइलें निकाली गईं। जांच में पता चला कि कई काम या तो हुए ही नहीं थे या वर्षों पहले पूरे हो चुके थे, लेकिन उनके नाम पर नए बिल तैयार कर भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। शुरूआती जांच में लगभग 28 करोड़ रुपए के ऐसे बिल मिले, जो कथित तौर पर बिना काम के लगाए गए थे। जांच में पर्तें खुलती गईं और बड़ी गड़बड़ सामने आई।

### 34 करोड़ की संपत्ति अटैच

प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) ने मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से मामले की जांच शुरू की। जुलाई 2025 में ईडी ने करीब 34 करोड़ रुपए की 43 संपत्तियां अटैच कीं। इनमें मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की जमीनें, मकान और अन्य संपत्तियां शामिल हैं। पकड़े गए तीन आरोपियों में राठौर पूर्व सहायक यंत्री हैं, जबकि बाकी दो मोहम्मद जाकिर और राहुल वडेरा ठेकेदार हैं। इन्हीं पर साठगांठ कर गड़बड़ी के आरोप हैं।

### 107 करोड़ के गबन का शक

शुरूआती जांच में करीब 107 करोड़ रुपए के गबन की आशंका जताई जा रही थी। ईडी ने मंगलवार को कोर्ट में 92 करोड़ रुपए के गबन की जानकारी दी है। घोटाले का मास्टरमाइंड पूर्व अफसर राठौर को ही माना जा रहा है, जिसने ठेकेदारों को बिना काम के फर्जी बिल और फर्जी साइन के आधार पर बड़ी राशि का भुगतान कराया था। राठौर को दो साल पहले भी यूपी से गिरफ्तार किया गया था।

### कई फाइलें निगम से गायब ही हो गई

शुरूआती दौर में घोटाले की जांच के दौरान निगम से कई फाइलें भी गायब हो गई थीं। जो फाइलें मिली उनमें पाए गए दस्तखत की जांच की गई। ड्रेनेज विभाग से लेकर फाइल लगने से लेकर भुगतान की प्रक्रिया तक कई अफसरों के दस्तखत मैच नहीं हुए। हालांकि ओरिजिनल आईडी और पासवर्ड घोटालेबाजों के पास कैसे पहुंचे इसका जवाब कोई नहीं दे पाया। बाद में कई अफसरों को क्लीन चिट भी दे दी गई थी। 186 फाइलों पर संदेह था, 80 फीसदी में गड़बड़ी पाई गई जांच एजेंसियों के अनुसार घोटाले में फर्जी वर्क-ऑर्डर, नकली मापन पुस्तिका (एमबी), फर्जी बिल और भुगतान दस्तावेज तैयार किए गए। हैरानी इस बात की है कि करोड़ों का भुगतान हो गया, लेकिन अफसरों को खबर तक नहीं हुई। बताया जाता है कि फर्जी बिलों की 186 फाइलें थीं, जिनमें 80 फीसदी से ज्यादा फाइलों में फजीर्वाड़ा पाया गया। ट्रेंचिंग ग्राउंड की 4 करोड़ की फाइल भी शामिल है।

## उज्जैन बाल गृह में बच्चों से दुर्व्यवहार

# प्रभारी को हटाया

### बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निरीक्षण के बाद कार्रवाई



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मालनवासा स्थित बाल संप्रेषण गृह में बच्चों के साथ दुर्व्यवहार और अनियमितताओं की शिकायतों के बाद प्रशासन ने कार्रवाई की है। मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. निवेदिता शर्मा और सदस्य सोनम निनामा के मंगलवार दोपहर में निरीक्षण के दौरान यह मामला सामने आया, जिसके बाद प्रशिक्षक मेहताब सिंह परस्ते को उनके प्रभार से हटा दिया गया।

धार्मिक नगरी उज्जैन प्रवास के दौरान मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. निवेदिता शर्मा एवं सदस्य सोनम निनामा ने बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान आयोग की टीम ने बाल गृह, बालिका गृह और बाल संप्रेषण गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्थाओं और पुनर्वास गतिविधियों का जायजा लिया गया। बाल संप्रेषण गृह में बच्चों से बातचीत के दौरान मारपीट और अन्य अनियमितताओं से जुड़ी शिकायतें सामने आईं, जिन्हें आयोग ने गंभीरता से लिया। इन शिकायतों के मद्देनजर बाल अधिकार संरक्षण आयोग और महिला एवं बाल विकास विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की। इसके परिणामस्वरूप, प्रशिक्षक मेहताब सिंह परस्ते को तत्काल प्रभाव से उनके दायित्व से मुक्त कर दिया गया।

# 5 दिन बाद कब्र से निकाला बच्ची का शव

### इंदौर के निजी क्लिनिक में 5 ड्रिप के बाद गई थी जान, डॉक्टर पर लापरवाही के आरोप

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

जिस घर में कुछ दिन पहले तक दो साल की काशवी की किलकारियां गूंजती थीं, वहां अब सन्नाटा पसरा है। मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। परिजनों का आरोप है कि एक निजी क्लिनिक में हुए गलत इलाज के कारण उनकी बेटी की जान चली गई। मामले की सच्चाई जानने के लिए मौत के 5 दिन बाद प्रशासन की अनुमति से मंगलवार को बच्ची का शव श्मशान घाट से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

मामला बालदा कॉलोनी निवासी नितिन यादव की दो वर्षीय बेटी काशवी का है। उसे 27 मई को हल्के उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी। उन्होंने उसे भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित ह्यद हेल्थ केयर क्लिनिकह्ल पर दिखाया। 28 मई को काशवी की मौत हो गई थी।

**ड्रिप लगाई फिर हालत बिगड़ने लगी-** आरोप है कि क्लिनिक पर डॉ. अनिल घई ने उसे देखा और ड्रिप लगवाई थी। पहले चार बोतल ड्रिप लगाई। इसके बाद उसे एक उल्टी हुई। परिजन का आरोप है कि डॉ. घई ने कहा कि अभी उसे एक डोज और दिया जाना है। इसके बाद उसे फिर ड्रिप लगाई गई। फिर कुछ समय बाद ही उसकी हालत बिगड़ने लगी। उसकी हार्ट बीट तेज हो गई। परिजन ने बात की तो डॉक्टर ने विश्वास दिलाया कि वह ठीक हो जाएगी। इसके बाद जब हालत और बिगड़ी तो डॉक्टर ने परिजन को कहा कि ड्रिप पूरी हो चुकी है। इसे घर ले जाओ, ठीक हो जाएगी। इसके बाद परिजन उसे रात को घर ले आए। फिर रात को उसके हाथ-पैर और होंठ नीले पड़ गए तो परिजन सुबह उसे एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसकी हालत देखी तो सरकारी चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय ले गए।

## रसूखदारों से जुड़े चर्चित मामले में कोर्ट सख्त, पूरे नेटवर्क को खंगाल रही पुलिस

# हनी ट्रैप-2 के आरोपी लाखन चौधरी को नहीं मिली जमानत

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

चर्चित हनी ट्रैप-2 में आरोपी लखन उर्फ लाखन चौधरी को इंदौर जिला कोर्ट से राहत नहीं मिली है। मंगलवार को कोर्ट ने उसकी जमानत याचिका निरस्त कर दी।

जमानत याचिका का विरोध करते हुए शासन की तरफ से आपत्ति दर्ज कराई थी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट जमानत आवेदन खारिज करने का आदेश दिया है।

हनी ट्रैप-2 प्रकरण में किसी भी आरोपी की तरफ से दायर जमानत आवेदन के निरस्त होने का पहला मामला है।



मामले की जांच क्राइम ब्रांच कर रही है। लाखन समेत कई आरोपी न्यायिक हिरासत में है। जबकि शराब तस्कर अलका दीक्षित, उसका बेटा जयदीप, हेड कॉन्स्टेबल विनोद शर्मा, जितेंद्र पुरोहित, रेशू चौधरी और श्वेता विजय जैन जेल में बंद हैं।

आरोपी लाखन चौधरी की ओर से कोर्ट में प्रस्तुत तर्कों में कहा गया कि उसका मामले से कोई संबंध नहीं है। बचाव पक्ष का दावा था कि फरियादी हितेंद्र सिंह चौहान उर्फ चिंटू ठाकुर को न तो धमकाया गया और न ही किसी प्रकार के आपत्तिजनक फोटो या वीडियो वायरल करने की बात कही गई।

वकील ने कोर्ट को बताया कि यह मूल रूप से रियल एस्टेट से जुड़ा सामान्य विवाद था, जिसे अनावश्यक रूप से गंभीर आपराधिक मामले का रूप दे दिया गया। यह भी कहा गया कि कथित घटना के समय लाखन चौधरी घटनास्थल पर मौजूद नहीं था और पुलिस ने उसके मोबाइल की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) का समुचित परीक्षण नहीं किया।

## ठेकेदार की लापरवाही से रोज हो रहा पानी का अपव्यय, शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा खामियाजा

# सड़क चौड़ीकरण में फूटी मुख्य पेयजल पाइपलाइन, रोड पर पानी के फव्वारे चले

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान ठेकेदारों की लापरवाही के कारण पेयजल पाइपलाइनें लगातार क्षतिग्रस्त हो रही हैं। मंगलवार को बड़नगर रोड स्थित हनुमानगढ़ी के समीप पंचायती अखाड़े के पास अंबोदिया डैम से आने वाली मुख्य पेयजल पाइपलाइन फूट गई। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होते ही तेज दबाव के साथ पानी फव्वारे चलने लग गए और कुछ ही देर में सड़क पर पानी फैल गया।

पाइपलाइन फूटने की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए तथा इसकी सूचना लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) को दी गई। सूचना मिलने पर विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा मरम्मत कार्य शुरू किया। शाम लगभग 6:30 से 7 बजे के बीच पाइपलाइन को दुरुस्त कर लिया गया।



**खुदाई के दौरान हुई पाइपलाइन क्षतिग्रस्त -** स्थानीय लोगों के अनुसार बड़नगर रोड पर सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। इसी दौरान की गई खुदाई में ठेकेदार की लापरवाही के चलते मुख्य पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। यह पाइपलाइन अंबोदिया डैम से शहर में पेयजल आपूर्ति करने वाली प्रमुख लाइन बताई जा रही है। पाइपलाइन के बार-बार क्षतिग्रस्त होने से शहर के कई क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित हो रही है। लोगों के घरों तक पर्याप्त दबाव के साथ पानी नहीं पहुंच पा रहा है। कई क्षेत्रों में नलों में पानी कम दबाव से आ रहा है, जबकि कुछ स्थानों पर जलापूर्ति बाधित होने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

- **गर्मी में बढ़ी जल संकट की समस्या-** गर्मी के मौसम में पेयजल की मांग बढ़ी हुई है। ऐसे समय में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने और पानी के लगातार अपव्यय से कई क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति बन रही है। नागरिकों का कहना है कि पिछले कई दिनों से यह समस्या बनी हुई है और बार-बार पाइपलाइन फूटने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
- **शिकायतों के बावजूद नहीं रुक रही मनमानी-** शहर में विभिन्न स्थानों पर सड़क चौड़ीकरण के दौरान नालियों और सड़कों की खुदाई की जा रही है। इस दौरान कई बार पेयजल पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। नागरिकों द्वारा इसकी शिकायत नगर निगम अधिकारियों तक भी पहुंचाई गई है, लेकिन इसके बावजूद ठेकेदारों की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं दिखाई दे रहा है।
- **रोजाना हो रहा पानी का अपव्यय-** पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की घटनाओं के कारण बड़ी मात्रा में पेयजल सड़कों पर बहकर बर्बाद हो रहा है। शहर में जल संरक्षण और जल संकट की चर्चाओं के बीच लगातार हो रहा यह अपव्यय प्रशासनिक निगरानी और कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रहा है। नागरिकों ने जिम्मेदार एजेंसियों से सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान आवश्यक सावधानी बरतने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## खबर एक नज़र...



### राज्य स्तरीय अस्मिता बास्केटबॉल लीग के लिए उज्जैन टीम घोषित

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्य चैंपियनशिप के तहत अस्मिता बास्केटबॉल लीग के जूनियर बालिका वर्ग का राज्य स्तरीय आयोजन 4 से 7 जून तक शहर में होगा। मध्य प्रदेश एसोसिएशन और उज्जैन कॉर्पोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए उज्जैन टीम की घोषणा कर दी गई है। संगठन की सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि जूनियर बालिका वर्ग की टीम का कप्तान अपराजिता चतुर्वेदी को चुना गया है। टीम के अन्य खिलाड़ियों में वृतिका कुरेल, रौली पंड्या, नीतिका सोनी, अनन्या जैन, देवयानी गौड, तेजस्वी मांगरोले, जाह्नवी सोलंकी, आराध्या कटारा, पलिशका मेडा, अवनी गोथवाल और प्रतीका सोनी शामिल हैं। मनीषा पंवार को टीम का कोच और सेजल डागर को मैनेजर नियुक्त किया गया है। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 4 जून को शाम 5:30 बजे महानंदा नगर स्थित बास्केटबॉल एरिना में आयोजित किया जाएगा। टीम के चयन पर संगठन की अध्यक्ष ज्योति शर्मा, रविशा लड्ढा, शैलेंद्र टाइट्स, प्रगति जैन, समीक्षा भदौरिया, विनोद पांचाल, ममता गौड, मनीष धनौरिया और शरद वाघमारे ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

### कालिदास अकादमी में गूंजेंगी सदा बाहर गीतों की धूम

**उज्जैन।** कालिदास अकादमी में सदा बाहर गीतों की धूम फिर एक बार श्रोताओं को सुनाई देगी जिसमें उज्जैन के आर के म्यूजिकल ग्रुप सहित संभाग के कई गायक आयोजन में भाग लेंगे। जानकारी देते हुए आयोजन के अध्यक्ष नितिन चावरे ओर आयोजक रेखा चावरे ने बताया कि धार्मिक नगरी में संगीत की दुनिया सजाई जाएगी जिसमें कई गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। दिनांक 4 जून को कोठी रोड स्थित कालिदास अकादमी में सांय 7 बजे स्वरों की महफिल सजेगी, जिसमें सदा बहार गीतों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप मे समाजसेवी महेश सीतलानी, विशेष अतिथि स्वामी मुस्कुराके, ओर अतिथि प्रीति दीक्षित, देवचरण बड़िया, हरिनारायण मालवीय रहेंगे। सदा बहार गीतों की प्रस्तुति उज्जैन जिले सहित रतलाम के कई गायक अपनी मधुर प्रस्तुति देंगे। संगीत प्रेमियों को आयोजन में पधारने की अपील ग्रुप के सदस्यगणों ने की है। जानकारी सचिव अकबर खान ने दी।

### 12वीं की छात्रा अविका की 'अनस्टॉपेबल यूथ' प्रकाशित

**उज्जैन।** 12वीं कक्षा आमतौर पर विद्यार्थियों के लिए करियर और पढ़ाई के दबाव का समय होता है, लेकिन शहर की 16 वर्षीय छात्रा अविका धामानी ने इस उम्र में लेखिका बनकर एक मिसाल पेश की है। अलखधाम कॉलोनी निवासी और स्टैनफोर्ड स्कूल की छात्रा अविका ने युवाओं यानी जेनजी को मोटिवेट करने के लिए अंग्रेजी में 'अनस्टॉपेबल यूथ' नामक किताब लिखी है। 31 पेज की इस किताब में 21 प्रेरणादायक कविताएं शामिल हैं। अविका ने दिसंबर 2025 में इसे लिखना शुरू किया था और केवल एक माह में ही इसे पूरा कर लिया। इस किताब का प्रकाशन एक महीने पहले दिल्ली के बुक्लिफ पब्लिशर्स ने किया है। यह पब्लिशर चर्चित टीवी शो शार्क टैंक का भी हिस्सा रह चुका है। पुस्तक लेखन की शुरूआत के बारे में अविका ने बताया कि उन्हें इंस्टाग्राम पर 21 दिन में 21 कविताएं लिखने का चैलेंज मिला था। इसमें शर्त थी कि कविताएं उत्कृष्ट होने पर पब्लिश की जाएंगी।

# महिला पर अत्याचार होता दिखे तो वीडियो मत बनाना, विरोध करना

## ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में भागवत कथा में पं. शास्त्री ने कहा-स्त्री सुरक्षा सबका दायित्व





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

प्रत्येक स्त्री की सुरक्षा हम सभी का दायित्व है। अगर किसी बहन-बेटी पर कोई गलत नजर उठ रही है तो हमें तमाशा नहीं देखना है। उसका न्यायोचित विरोध करना है। नहीं तो हम भी कौरवों की सभा के हर एक मंत्री, संतरी, गुरुजन और दरबारी की तरह महापाप के भागी बनेंगे जो अपनी आंखों के सामने द्रोपदी का चीरहरण देखते रहे।

यह बात अंकपात, मंगलनाम मार्ग स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में चल रही भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को धमार्चार्य पं. हरिनारायण शास्त्री ने द्रोपदी चीरहरण का वृतांत सुनाते हुए कही। उन्होंने कहा कि मां-बहन का अपमान होता है, हम फोटो-वीडियो बनाते हैं। यह महापाप है। विरोध करना महाभारत काल की तरह आज भी जरूरी है। पं. शास्त्री ने महिलाओं को सीख दी कि वे भी विधर्मियों से बचें और अपना मोबाइल नंबर हर किसी को देने से बचें। सिर्फ परिवार और सनातन में ही उनके लिए सुरक्षित माहौल है। मंदिर सेवक पं. वासुदेव शास्त्री ने बताया कि मंगलवार को यजमान ऋषि, चंद्रप्रभा, अलका-जगदीश, कुशाग्र विजयवर्गीय मनोज खंडेलवाल, राधेश्याम सोलंकी, श्यामबाबू सक्सेना, देवेंद्र यादव, रमेशचंद्र वर्मा आदि ने प्रारंभ में भागवत कथा का पूजन किया।-जुआं खेलना आज भी पाप है, अगर इसमें राजा की आज्ञा हो (धृतराष्ट्र की तरह) तो उसे राज का भी नाश निकट है। -पारंपरिक वेशभूषा कभी न त्यागें। धमक वर्दी की होती है, पहनने वाले की नहीं।

## चारभुजा नाथ मंदिर में सजा रंगोत्सव, श्रद्धालुओं ने किए भगवान के मोहिनी स्वरूप के दर्शन

### पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गोला मंडी में हुआ विशेष आयोजन, आकर्षक झांकी ने मोहा मन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर गोला मंडी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में रंगोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान के आकर्षक मोहिनी स्वरूप की झांकी सजाई गई, जिसके दर्शन कर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया।

मनोरथी परिवार के प्रदीप कुमार राठी, पुरुषोत्तम बंग, देवेन्द्र कुमार चांडक और श्रीमती कृष्णा देवी काकाणी की ओर से पंडित बृजभूषण दीक्षित ने विधि-विधान से भगवान का पूजन-अर्चन संपन्न कराया। मंदिर परिसर में श्रीमती शोभा मूंदड़ा और अंकित मूंदड़ा द्वारा भगवान की अत्यंत आकर्षक और रंगबिरंगी झांकी सजाई गई।

पूजन के पश्चात आयोजित महाआरती में मनोरथी परिवार के मुखिया सहित सदस्य दीपक काकाणी, श्रीमती नीलम काकाणी, श्रीमती सुनीता राठी, विवेक राठी और श्रीमती संगीता राठी ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर पुरुषोत्तम मास आयोजन के मुख्य संयोजक दिनेश चन्द्र डाढ़, चारभुजानाथ मंदिर उत्सव समिति के मुख्य संयोजक नृसिंह देवपुरा और संयोजक कैलाश चंद्र गगरानी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

# खण्डेलवाल युवा संघ के स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर में 22 यूनिट रक्तदान

## डॉ. महावीर खण्डेलवाल ने दिया सीपीआर का प्रशिक्षण, शतकवीर रक्तदाताओं का हुआ सम्मान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

खण्डेलवाल युवा संघ के तत्वावधान में रविवार को खण्डेलवाल भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें 100 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां दी गईं और 22 यूनिट रक्तदान हुआ।

शिविर में डॉ. महावीर खण्डेलवाल, डॉ. आयुष भटनागर, डॉ. मनमोहन शर्मा, डॉ. निखिल डाबरे, डॉ. लखन जाट, एएसजी आई हॉस्पिटल और आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज की ब्लड बैंक टीम ने अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान डॉ. महावीर खण्डेलवाल ने आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन बचाने के लिए सीपीआर तकनीक का प्रशिक्षण और लाइव डेमो दिया।

उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी और भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने शिविर में पहुंचकर युवाओं के सेवा कार्यों की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर 144 बार रक्तदान कर चुके समाज के वरिष्ठ रक्तदाता किशोर खण्डेलवाल और 100 से अधिक बार रक्तदान कर चुकीं किरण खण्डेलवाल का युवा संघ द्वारा विशेष सम्मान किया गया। उपस्थितजनों ने उनके सेवा भाव को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। श्री विनायक वेलफेयर सोसायटी के चेतन अहिरवार द्वारा रक्तदाताओं को ग्लूकोज पैकेट वितरित किए गए। रक्तदान में विनीत मेंहदीरता का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम में खण्डेलवाल वैश्य पंचायत के संरक्षक सिद्धेश्वर दास, अध्यक्ष गोविंद खण्डेलवाल, सचिव अनिल सामरिया, कोषाध्यक्ष गुलशन नाटाणी, सह सचिव मनीष खण्डेलवाल मन्नू भैया, उपाध्यक्ष राजेंद्र झालानी, समन्वयक राजेंद्र सोखिया, भवन प्रभारी मनीष मेहरवाल, पीआरओ अर्पित गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र गुप्ता एवं अनिल गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे।

युवा संघ के मार्गदर्शक अर्पित गुप्ता एवं रितेश नाटाणी के सान्निध्य में हुए इस आयोजन में संघ अध्यक्ष रतनदीप सौखिया, सचिव संस्कार कुलवाल, कोषाध्यक्ष अशित राजोरिया, उपाध्यक्ष शुभम झालानी, सह सचिव आयुष गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य हर्ष सामरिया, पुनीत धामाणी, शुभम सौखिया, अतुल तंबोलिया, तरुण रावत सहित युवा सदस्य आयुष रावत, अर्पित नाटाणी, रितेश दास, अनिकेत खण्डेलवाल, चिराग खण्डेलवाल, अभिषेक कायथवाल, अभिषेक गुप्ता, अजय माली, अभिषेक सौखिया, मानस बडेरा, निशांत डंगायच एवं योगेश खण्डेलवाल उपस्थित थे। युवा संघ ने सभी चिकित्सकों, संस्थाओं और रक्तदाताओं का आभार माना।

## आर्य समाज में नई कार्यकारिणी का गठन, ओम प्रकाश यादव बने प्रधान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

आर्य समाज उज्जैन की वार्षिक साधारण सभा में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। निर्वाचन अधिकारी एवं संभागीय प्रधान लक्ष्मीनारायण पाटीदार ने चुनाव प्रक्रिया पूरी कराई, जिसमें सर्वसम्मति से ओम प्रकाश यादव को प्रधान और भरत आर्य को मंत्री निर्वाचित घोषित किया गया।

साधारण सभा की शुरूआत ईश्वर स्तुति प्रार्थना मंत्र के साथ हुई। इसके पश्चात निर्वाचन प्रक्रिया अपनाई गई। नई कार्यकारिणी में उप प्रधान के पद पर राजेंद्र शर्मा व डॉ. ललित नागर तथा उप मंत्री के पद पर विष्णु शर्मा व जितेश बत्रा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा कोषाध्यक्ष के रूप में वेद प्रकाश आर्य और पुस्तक अध्यक्ष के पद पर अंबाराम वर्मा को सर्वसम्मति से चुना गया है। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी सदस्यों ने शांति पाठ कर सभा का समापन किया।

### वरिष्ठ सदस्यों ने दी बधाई

नई कार्यकारिणी के गठन और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को वरिष्ठ आर्य सदस्य पंडित राजेंद्र व्यास, रामप्रसाद मालाकार, सुरेश पाटीदार, जीवन प्रकाश आर्य, रमेश पाटीदार, डॉ. प्रदीप चतुर्वेदी और डॉ. हंसा चतुर्वेदी ने बधाई दी।

# कलेक्टर ने निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने रविवार को नियमित निरीक्षण के तहत विभिन्न विभागों के माध्यम से निमार्णाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को कराने वाले विभागीय अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग कर अति शीघ्र कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान हरे वृक्षों को बचाकर निर्माण कार्य किए जाएं। जहां भी बड़े परिसर है वहां हरियाली के लिए पौधारोपण करें जिससे परिसर की सुंदरता भी रहे। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा भी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने रविवार को नियमित निरीक्षण के दौरान देवास रोड़ सांईस कॉलेज के समीप निमार्णाधीन गीता भवन ऑडिटोरियम, विक्रमकीर्ति मंदिर संग्रहालय का उन्नयन कार्य, तारामंडल के समीप रेप टाईल पार्क निर्माण कार्य और कोठी पैलेस पर निमार्णाधीन वीर भारत संग्रहालय के कार्य का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने गीता भवन ऑडिटोरियम निर्माण कार्य प्रगति की जानकारी लेने के बाद संबंधित विभाग को तेज गति से निर्माण पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने इसके बाद विक्रम कीर्ति मंदिर संग्रहालय उन्नयन कार्य का अवलोकन किया। यहां पर जानकारी में बताया गया कि वर्तमान में सिविल कार्य पूर्ण हुआ है। इंटीरियर और प्रीहिस्टोरिक गैलरी का कार्य प्रगतिरत है। यह भी जानकारी दी गई कि निर्माण कार्य सितंबर माह तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते हुए कार्य की गति बढ़ाएं। कलेक्टर श्री सिंह ने इसके पश्चात तारामंडल के समीप निर्माण अधीन रेप्टाइल पार्क का निरीक्षण किया। यहां पर जानकारी दी गई कि विजिटिंग पार्क का निर्माण कार्य शुरू किया है वहीं हॉर्टिकल्चर पोस्टमार्टम और रेस्क्यू सेंटर का निर्माण स्ट्रक्चर स्तर पर है।

## हड़ताल अवधि के वेतन का रास्ता साफ, एक-दो दिन में होगा भुगतान

**उज्जैन।** कर्मचारियों के हड़ताल अवधि के वेतन बिल जनरेट नहीं होने की समस्या अब जल्द दूर होगी। सीएमएचओ कार्यालय की लेखा शाखा द्वारा जानकारी नहीं भेजे जाने के कारण वेतन अटका हुआ था। एनबीएसके संघ के पदाधिकारियों द्वारा मामला संज्ञान में लाए जाने के बाद जिला कोषालय अधिकारी ने तत्काल भोपाल संपर्क कर तकनीकी बाधा दूर की। अब एक से दो दिन में कर्मचारियों को लंबित वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश अहिरवार के नेतृत्व में एनबीएसके संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कोषालय अधिकारी कुणाल खेरडिया से मुलाकात कर वेतन बिल जनरेट नहीं होने की समस्या उठाई और शीघ्र निराकरण का अनुरोध किया। कोषालय अधिकारी ने बताया कि सीएमएचओ कार्यालय की लेखा शाखा की ओर से अब तक कोई जानकारी नहीं भेजी गई थी, जिस कारण यह स्थिति बनी। संघ द्वारा मामला ध्यान में लाए जाने पर कोषालय अधिकारी ने तुरंत भोपाल के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क स्थापित किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि बिल जनरेट की समस्या का निराकरण कर लिया गया है।

## तिरुपति धाम में चल रहे सुदर्शन शतकम अनुष्ठान एवं महायज्ञ सम्पन्न

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

बड़नगर रोड स्थित हनुमान गढ़ी के तिरुपति धाम मंदिर में चल रहे 15 दिवसीय सुदर्शन शतकम् अनुष्ठान और महायज्ञ में श्रीमद् जगदुरु रामानुजाचार्य गादी स्वामी श्रीनिवास आचार्य महाराज कांची से पधारे। तिरुपति धाम में विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार के लिए आयोजित किया गया 'सुदर्शन शतकम्' अनुष्ठान विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अनुष्ठान में कई विद्वानों, पुजारियों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार और अनुष्ठान हुआ।

महाविष्णु के अस्त्र 'भगवान सुदर्शन' को समर्पित इस अनुष्ठान में महासुदर्शन चक्र की विशेष पूजा-अर्चना की गई। योग्य आचार्यों द्वारा सुदर्शन शतकम् के श्लोकों का सामूहिक पाठ और महायज्ञ संपन्न हुआ। यह आयोजन श्रीमद जगतगुरू रामानुजाचार्य स्वामी श्रीकान्ताचार्य महाराज एवं उत्तराधिकारी राघवेन्द्राचार्य जी महाराज, कार्य संचालक महाराज मनोज तिवारी, महामंन्त्री श्यामसिंह सिकरवार, प्रचार प्रसार प्रभारी दिनेश जोशी, सत्यानारायण सोमानी, ओमप्रकाश बियानी, विजय बागंड़ आदि के तत्वाधान में अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। विश्व शांति की कामना अनुष्ठान का मुख्य उद्देश्य वैश्विक शांति, नकारात्मक ऊर्जा का नाश और समाज में आरोग्यता (अच्छे स्वास्थ्य) को बढ़ावा देना था। श्रद्धालुओं का लगा तांता इस पावन अवसर पर तिरुपति पहुंचे भक्तों ने न केवल भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए, बल्कि अनुष्ठान की पूणार्हुति में शामिल होकर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। 'सुदर्शन शतकम्' में 100 श्लोक हैं, जो भगवान विष्णु के सुदर्शन चक्र की महिमा, शक्ति और स्वरूप का वर्णन करते हैं। सनातन परंपरा में माना जाता है कि इसका पाठ करने से जीवन के सभी संकटों, शत्रुओं और मानसिक तनावों से मुक्ति मिलती है। तिरुपति देवस्थानम और स्थानीय धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से संपन्न हुआ यह अनुष्ठान आध्यात्मिक दृष्टि से बेहद भव्य और फलदायी रहा।

### बिना पंचनामा ठेले जब्त करने और रिश्वत लेकर छोड़ने का मामला

# फुटपाथ व्यापारियों ने मांगा 1.86 करोड़ का मुआवजा, अतिक्रमण अमले पर सामान लूटने और महिलाओं से अभद्रता का आरोप

## सिंहस्थ 2028 में रोजगार के लिए स्थान तय करने की मांग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध हाथ-ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल के आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर नगर निगम के अतिक्रमण अमले पर गंभीर आरोप लगाए हैं। संघ ने अवैध रूप से जब्त किए गए ठेले-गुमटियों को बिना शुल्क वापस दिलाने और 130 बेरोजगार पथ विक्रेताओं को 1.86 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा देने की मांग की है।

संघ का आरोप है कि 5 फरवरी 2026 को नगर निगम के गैंग प्रभारी मोनू उर्फ मोहन बच्चूलाल थनवार, जयसिंह राजपूत, धीरज श्रीवास्तव, मनीष बाली और अन्य 6 साथियों ने पथ विक्रेता कानून 2014 का उल्लंघन करते हुए बिना पंचनामा बनाए सामान जब्त किया। 130 पथ विक्रेताओं ने पूर्व आदेश पर अपने ठेले चारधाम और रामघाट से हटाकर गुजराती समाज धर्मशाला के पास रखे थे, जिन्हें बिना सूचना के उठा लिया गया।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि 6 फरवरी को मोनू थनवार ने पथ विक्रेताओं को बातचीत के लिए बुलाकर महिलाओं के साथ मारपीट और अभद्रता की। इसका लाइव वीडियो फेसबुक पर साक्ष्य के रूप में होने के बावजूद कोतवाली थाने में पथ विक्रेताओं पर ही झूठी एफआईआर दर्ज कर दी गई। इसके अलावा 6 मई 2026 को भी महिलाओं के साथ अभद्रता की गई, जिसकी शिकायत पुलिस और जांच अधिकारियों को दी गई है।

अधिकारियों पर आरोप है कि जो ठेला चालक संघ के सदस्य नहीं हैं, उनसे मोनू, जयसिंह और धीरज द्वारा ऊपरी लेन-देन कर बिना आयुक्त के आदेश के ठेले छोड़ दिए गए। अतिक्रमण विभाग में पदस्थ ये कर्मचारी लंबे समय से दुकान किराया, पार्किंग, मेला और हाट बाजार में भ्रष्टाचार कर गरीब पथ विक्रेताओं का शोषण कर रहे हैं। रोजगार छिन जाने के कारण पथ विक्रेता पीएम स्वनिधि योजना का ऋण नहीं चुका पा रहे हैं। 338 दिनों से बेरोजगार 130 पथ विक्रेताओं के लिए अकुशल श्रमिक की दर 425 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से कुल 1,86,74,500 रुपये के मुआवजे की मांग की गई है। संघ ने आरोपी कर्मचारियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 166 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई करने, विभागीय जांच बिठाने और आगामी सिंहस्थ 2028 व मेलों में पथ विक्रेताओं के लिए रोजगार का स्थान तय करने की मांग की है। ज्ञापन मंजू चौहान, संदीप, संगीता, माधुरी, राधेश्याम सहित दर्जनों पथ विक्रेताओं की ओर से प्रस्तुत किया गया है।

## नव आरक्षकों की दीक्षांत परेड में एसआई बलराम चडार सर्वोत्तम आंतरिक प्रशिक्षक के अवार्ड से सम्मानित

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पुलिस प्रशिक्षण शाला में मंगलवार को आयोजित नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र पांच (वर्ष 2025-26) की दीक्षांत परेड में उप निरीक्षक बलराम चडार को सर्वोत्तम आंतरिक प्रशिक्षक के अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राकेश गुप्ता ने उन्हें ट्रॉफी एवं 15 हजार रुपये की नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि उप निरीक्षक बलराम चडार प्रशिक्षण शाला में प्रशिक्षकों को लगातार उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं। उन्हें इससे पूर्व नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र तीन एवं चार के दौरान भी सर्वोत्तम आंतरिक प्रशिक्षक का यह प्रतिष्ठित अवार्ड प्राप्त हो चुका है।

## पुलिस विभाग के दो अधिकारियों को गरिमामय समारोह में विदाई दी



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पुलिस विभाग के लिए एक भावुक और विदाई का क्षण रहा। पुलिस विभाग में एक लंबी और समर्पित सेवा के बाद सेवानिवृत्त होना किसी भी अधिकारी के जीवन का एक बहुत बड़ा पड़ाव होता है। पुलिस अधीक्षक रेडियो जिला उज्जैन में आज अपनी सेवाएं पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों को शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यवाहक निरीक्षक अनिल कुमार सर्राफ को 43 वर्ष एवं कार्यवाहक उप निरीक्षक राकेश सिंह भदौरिया ने 41 वर्ष की पुलिस विभाग को अपनी सेवाएं दी। पुलिस विभाग में रेडियो शाखा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, जो कानून व्यवस्था और संचार व्यवस्था की रीढ़ मानी जाती है। इन दोनों अधिकारियों ने अपने लंबे सेवाकाल में उज्जैन पुलिस और जनता की सुरक्षा में जो योगदान दिया है, वह सराहनीय है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रेडियो उज्जैन द्वारा सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का पुष्पमाला पहनाकर, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

# दिनदहाड़े महिलाओं से नथ लूटने वाले दो शातिर आरोपी गिरफ्तार

## माणकचौक पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई, लूटी गई सोने की नथ, मोटरसाइकिल, मोबाइल एवं नकदी बरामद

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम



जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों एवं लूट की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार (भा.पु.से.) द्वारा सभी थाना प्रभारियों को त्वरित कार्रवाई एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निदेर्शों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक कुमार एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अजय सारवान के मार्गदर्शन में थाना माणकचौक पुलिस एवं साइबर सेल द्वारा उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए दिनदहाड़े महिला से सोने की नथ लूटने वाले दो आरोपियों को मात्र १० घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया।

**घटना का विवरण**

दिनांक 1 जून को फरियादी जगदीश मईड़ा द्वारा थाना माणकचौक पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दोपहर लगभग 12.30 बजे बाजना बस स्टैंड क्षेत्र में दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उसकी पत्नी को डराकर नाक में पहनी सोने की नथ छीन ली और मौके से फरार हो गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना माणकचौक में अपराध क्रमांक 273/2026 धारा 309(4) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार द्वारा आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रमसिंह चौहान के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र का सक्रिय उपयोग करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिन्होंने बाजना बस स्टैंड क्षेत्र में महिला से सोने की नथ लूटने की वारदात स्वीकार की।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने दिनांक 30.05.2026 को थाना रावटी क्षेत्र में भी एक महिला की नाक से सोने की नथ छीनने की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। उक्त संबंध में थाना रावटी पर अपराध क्रमांक 357/2026 धारा 309(4) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध है। आरोपियों द्वारा रावटी की घटना में लूटी गई नथ को ?३०,००० में गिरवी रखना बताया गया, जिसे रावटी पुलिस द्वारा आरोपियों के मेमोरेण्डम के आधार पर बरामद किया गया।

गिरफ्तार आरोपी-विष्णु पिता बागजी मईड़ा, उम्र १९ वर्ष, निवासी ग्राम नरसिंग नाका, थाना रावटी, जिला रतलाम, मोहन पिता शैतान भाभर, उम्र १९ वर्ष, निवासी मलवासी नाका, थाना रावटी, जिला रतलाम

सराहनीय भूमिका- इस उल्लेखनीय कार्रवाई में निरीक्षक विक्रमसिंह चौहान (थाना प्रभारी माणकचौक), निरीक्षक सुरेन्द्र गाडरिया (थाना प्रभारी रावटी), सउनि आशीष मांगरिया, प्रआर राजेश मईड़ा, प्रआर दीपक बोरासी, प्रआर राजसिंह, आर हेमन्त यादव, आर महेश मईड़ा, आर जीवन विश्वकर्मा, मआर प्रवीणा, सीसीआर आर देवेन्द्रसिंह डोडिया, आर मानसिंह मकवाना, आर चंदर मार्को, आर अशरफ, आर वीरेंद्र तथा साइबर सेल के प्रआर मनमोहन शर्मा, आर मयंक व्यास, आर राहुल पाटीदार, आर तुषार सिसोदिया, आर बहादुर सिंह एवं आर प्रेमप्रकाश की विशेष भूमिका रही।



## सीमेंट कंक्रीट कार्य से लायंस पार्क चौक की स्वछता के साथ बढ़ी सुंदरता

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क व चौराहों पर सीमेंट कंक्रीट कार्य से सुंदरता के साथ स्वच्छता को भी बढ़ावा दिया जा रहा हैद्य न्यू इंदिरा नगर मेट्रो सिटी क्षेत्र में जहां सीमेंट कंक्रीट कार्य से तिराहे का कायाकल्प हो गया है द्य वहीं शहर के अन्य चौराहा सहित लायंस पार्क के समिति चौराहे पर भी सीमेंट कंक्रीट कार्य प्राथमिकता के साथ पूरा किया गया। नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के दिशा निर्देशन में शहर में जारी विकास श्रृंखला के तहत स्थानीय लायंस पार्क के पीछे चौक रोड के यहां 11 लाख की लागत से कराये जा रहे सीमेंट कंक्रीट कार्य ने वहां की सुंदरता को कई गुना बढ़ा दिया है। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति चोपड़ा ने उक्त कार्य का निरीक्षण किया एवं जो भी कमियां को दूर करने के निर्देश ठेकेदार

## मलेरिया जागरूकता अभियान एक जून से हुआ प्रारंभ

**जावरा ।** शासकीय चिकित्सालय में एक जून से तीस जून 26 तक सीबीएमओ डॉ शंकर लाल खराडी के निर्देशन में मलेरिया जागरूकता माह मनाया जा रहा है। प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि इस मलेरिया माह के अंतर्गत जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा, ।नागरिकों को मलेरिया माह के बारे में जानकारी दी जाएगी।,मलेरिया से सावधानी जरूरी है। परेशानी नहीं, जून माह में बारिश शुरू होते ही मच्छरों के पनपने के लिए पानी जमा हो जाता है। मलेरिया का प्रकोप जुलाई, अगस्त माह में पिक पर होता हैं। मलेरिया इंस्पेक्टर सलीम मंसूरी ने बताया कि ठंड लगकर बुखार आना, एक दिन छोड़कर बुखार आना, पसीना आना, इसके मुख्य लक्षण है। मलेरिया से बचाव के लिए मच्छर दानी में सोना चाहिए।,

# टीईटी परीक्षा के विरोध में पिपलोदा से मंदसौर तक 80 किलोमीटर नंगे पैर चले शिक्षक

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर



आरटीई 2017 के संशोधन के तहत पुराने और अनुभवी शिक्षकों पर अनिवार्य रूप से थोपी जा रही शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के विरोध में देशव्यापी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी विरोध के तहत रतलाम जिले के पिपलोदा से शिक्षक गणेश मालवीय देश के लाखों शिक्षकों के हक की लड़ाई के लिए 80 किलोमीटर की दूरी नंगे पैर पैदल तय कर मंदसौर पहुंचे, जिनके साथ रास्ते में दलोदा से शिक्षक भंवर सिंह परिहार भी इस कठिन यात्रा में शामिल हुए।

कड़े संघर्ष और पैरों में गंभीर छालों के बावजूद दोनों शिक्षकों ने भगवान श्री पशुपतिनाथ के दर्शन कर इस परीक्षा से मुक्ति की प्रार्थना की, जिसके बाद शिक्षक संगठनों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात पशुपतिनाथ मंदिर से एक विशाल वाहन रैली निकाली गई जो सांसद सुधीर गुप्ता के निवास तक पहुंची, जहाँ प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। शिक्षकों का मुख्य तर्क है कि जो शिक्षक पिछले 25 से 30 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं और 50 से 55 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं, उनके लिए अब यह परीक्षा देना व्यावहारिक नहीं है क्योंकि वे पहले से ही निर्धारित योग्यताओं के तहत नियुक्त हुए हैं।

प्रस्तुत ज्ञापन की भूमिका अनिल सांखला ने प्रस्तुत की। इस दौरान गजराज सिंह सिसोदिया, रोहितसिंह चौहान, गोविंदराम गहलोत, सुरेश भैंसावल, अनिल सांखला, चंद्रप्रकाश जैन, तेजसिंह पवार, विक्रम शर्मा, अशोक शर्मा, प्रहलाद खटोड़, विनोद चौहान, गोपाल सिंह आंजना, शांतिलाल ढडिंग, जितेन्द्र ठाकुर, विमलवाणी दुबे सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे।

## शिकायत निवारण शिविर 3 जून को

रतलाम । महाप्रबंधक केन्द्रीय सहकारी बैंक श्री कृतज्ञ गुप्ता ने बताया कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित, नगरा के कृषक सदस्यों के खातों में संस्था कर्मचारियों द्वारा आर्थिक अनियमितता किए जाने संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 3 जून को प्रातः 11 बजे से शिकायत निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन कार्यालय उपायुक्त सहकारिता, गुलाब चक्कर पुराना कलेक्टोरेट के पास, रतलाम में किया जाएगा। शिविर में संस्था नगरा के वे सदस्य, जिन्हें अपने खाते में किसी प्रकार की अनियमितता संबंधी शिकायत है, वे आवश्यक प्रमाणक एवं दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिविर में शिकायत दर्ज कराने का समय प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर मे शिकायतकर्ता सदस्य को स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा। उनके स्थान पर किसी रिश्तेदार अथवा अन्य प्रतिनिधि की उपस्थिति मान्य नहीं होगी।

## आदिवासी बस्ती में गंदे पेयजल की समस्या पर त्वरित कार्यवाही की


**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निदेर्शानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम मथुरी की आदिवासी बस्ती में मटमैला एवं बदबूदार पानी आने की सूचना मिलने पर पीएचई एसडीओ श्री डी.सी. कथिरिया एवं उनकी टीम ने सरपंच और सचिव के साथ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आदिवासी बस्ती में पेयजल पाइपलाइन के ऊपर नाली का निर्माण होने से गंदे पानी का रिसाव वाल्व एवं नल कनेक्शनों में हो रहा था, जिसके कारण पेयजल दूषित हो गया था। संबंधित मोहल्ले में पेयजल आपूर्ति तत्काल बंद करवा दी गई।एसडीओ श्री कथिरिया ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत ट्यूबवेल में सिंगल फेस मोटर पंप स्थापित कर पेयजल प्रदाय शुरू कर दिया गया है, जिससे रहवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

## जिले की पेयजल व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित

रतलाम। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिले में पेयजल व्यवस्था की सुचारू संचालन के लिए समीक्षा बैठक ली। बैठक में एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव, कमिश्नर नगर निगम श्री अनिल भाना, पी ओ डूडा श्री अरुण पाठक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम पर प्राप्त होने वाली पेयजल संबंधी शिकायतों का निराकरण करें । पेयजल शिकायतों की समीक्षा की तथा नगरीय निकायों के कंट्रोल रूम में दर्ज शिकायतों के संबंध में संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारियों (सीएमओ) से फीडबैक प्राप्त किया।

# कार्रवाई -मंदसौर वन मंडल कार्यालय का स्थापना प्रभारी 3 हजार की रिश्वत लेते ट्रैप

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर



लोकायुक्त संगठन उज्जैन की टीम ने मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सामान्य वन मंडल कार्यालय मंदसौर के स्थापना शाखा प्रभारी को रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी कृष्ण प्रताप सिंह राठौर जो सामान्य वन मंडल कार्यालय मंदसौर में सहायक ग्रेड 3 एवं स्थापना शाखा प्रभारी के पद पर कार्यरत है, को आवेदक से तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए उसके ही कक्ष में रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

मामले की पृष्ठभूमि के अनुसार, गांधी सागर अभ्यारण पूर्व रेंज मंदसौर में पदस्थ वनरक्षक ललित मीणा को अपने इलाज के सिलसिले में अहमदाबाद जाने के लिए 43 दिनों के अर्जित अवकाश का आवेदन तैयार किया था। आरोपी स्थापना शाखा प्रभारी कृष्ण प्रताप सिंह राठौर ने ने आईएफएम आईएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आगे बढ़ाने और अवकाश स्वीकृत कराने के एवज में तीन से चार हजार रु. रिश्वत की मांग की। आवेदक ने विगत 27 मई को लोकायुक्त कार्यालय उज्जैन में उपस्थित होकर लोकायुक्त एसपी आनन्द कुमार यादव के समक्ष एक लिखित शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत की तस्दीक के बाद लोकायुक्त दल द्वारा 2 जून को ट्रैप का आयोजन किया गया। जैसे ही आवेदक ललित मीणा ने स्थापना शाखा कक्ष में जाकर आरोपी को रिश्वत के तीन हजार रु. सौंपे, वैसे ही पहले से तैयार लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। इस पूरी कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले लोकायुक्त दल में उप पुलिस अधीक्षक दिनेशचंद्र पटेल, निरीक्षक हिना डाबर, प्रधान आरक्षक हितेश ललावत, आरक्षक उमेश जाटव, आरक्षक मोहम्मद इसरार और आरक्षक श्याम शर्मा शामिल रहे।

## मूंग के उपार्जन हेतु जिला एवं अनुभाग स्तरीय समिति गठित

**बड़वानी।** शासन की प्राईस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर ग्रीष्मकीन फसल मूंग का पंजीयन जिले में 15 जून तक किया जायेगा। ई-उपार्जन पोर्टल पर किसान पंजीयन, उपार्जन की समस्त प्रक्रिया, पर्यवेक्षण नीति एवं ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन योजना के क्रियान्वयन हेतु जिला एवं अनुभाग स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिला स्तरीय समिति का गठन कलेक्टर की अध्यक्षता में किया गया है। जिसमें लीड बैंक मैनेजर, सहायक आयुक्त सहकारिता, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जिला विपणन अधिकारी, जिला आपूर्ति अधिकारी, अधीक्षक भू-अभिलेख, सचिव कृषि उपज मण्डरी, नेफेड/एनसीसीएफ के प्रतिनिधि को सदस्य के रूप में मनोनित किया गया है।

# सीवरेज कार्य में लापरवाही से रहवासी परेशान, पार्षद ने ठेकेदार का भुगतान रोकने की माँग की

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

नगर के वार्ड क्र. 26 के अंतर्गत आने वाले सीतामऊ फाटक, चंद्रपुरा, बावड़ी कला, महावीर तीर्थकर और वसंत विहार कॉलोनी के नागरिक इन दिनों अमृत 2.0 योजना के तहत चल रहे सीवरेज लाइन कार्य के कारण बेहद कष्टदायक स्थिति से गुजर रहे हैं।

ठेका एजेंसी की घोर लापरवाही और नगरपालिका अधिकारियों की उदासीनता से यह विकास कार्य अब जनता के लिए एक बड़ी मुसीबत बन गया है। पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की काली मिट्टी हाल ही में हुई असमय बारिश के कारण पूरे रास्ते को दलदल और कीचड़ के समंदर में तब्दील कर चुकी है, जिससे सड़कों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है और वाहनों के टायर कीचड़ में धंस रहे हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए वार्ड पार्षद संगीता शैलेंद्रगिरी गोस्वामी ने कड़ा रुख अपनाया है और अहमदाबाद की पी.सी. स्नेहल कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारियों पर गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार का आरोप लगाया है। पार्षद ने कलेक्टर और मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) से पुरजोर मांग की है कि आगामी बारिश से पूर्व सड़कों पर मुरम डलवाकर रोलर से रोड रेस्टोरेशन का कार्य युद्धस्तर पर करवाया जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक ठेकेदार वार्ड की सड़कों को पूरी तरह ठीक नहीं कर देता, तब तक उसका भुगतान तुरंत रोका जाए, अन्यथा वार्डवासी आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

## युवाओं को मिला नेतृत्व एवं करियर विकास का प्रशिक्षण

**बड़वानी।** पहल जन सहयोग विकास संस्थान द्वारा दीप फाउंडेशन के सहयोग से संचालित छह माह की ₹उड़ान यात्रा₹ का सफल समापन शनिवार को किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के 30 स्वयंसेवी युवाओं ने भाग लिया। सभी प्रशिक्षण सुश्री अपर्णा माथुर एवं कार्यक्रम के संचालन सुश्री हर्षा परमार द्वारा किया गया। यह यात्रा नवंबर 2025 में प्रारंभ हुई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में 21वीं सदी के अनुरूप आवश्यक कौशलों का विकास करना था। इस दौरान कुल पांच प्रशिक्षण आयोजित किए गए, प्रशिक्षणों के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास, निर्णय लेने की योग्यता, करियर योजना निर्माण, वित्तीय योजना तथा व्यक्तित्व विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य किया गया।

# पर्यावरण सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ



ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

जेके सीमेंट निंबाहेड़ा द्वारा आयोजजत पर्यावरण सुरक्षा सप्ताह के तहत सोमवार को सिंघातिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, निबाहेडा में विद्यार्थियों और समाज में पर्यावरण सरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इंस्टिट्यूट परिसर में पर्यावरण सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया ।

जे. के. सीमेंट के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल और एचआर हेड प्रभाकर मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम में कर्मचारी अधिकारी के साथ-साथ बड़ी संख्या में इंस्टिट्यूट छात्र छात्राओं ने भी भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान जहाँ पयाावरण सुरक्षा सप्ताह के कार्यक्रम में तकनीकी हेडश्री राजेश ने पयाावरण सरक्षण लिये जनि भागीदारी से सकरात्मक प्रयास का आव्हान करते हुवे कहा की यदि हम अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक वस्तुओ, बैग इत्यादी का उपयोग न्युनतम करे और पेड लगाकर उसे बडा करे द्यतो यह कार्य पयाावरण सरक्षण के लिये हमारी और से एक बडा योग दान होगा द्व इस अवसर पर पर्यावरण सरक्षण के उद द्वोष के साथ जेके सीमेंट के तकनिकी हेड राजेश जी रेली को हरी झडी दिखाकर रवाना कियाद्य

रविवार को जे के प्रांगण एवं इंस्टिट्यूट संस्थान परिसर मे प्रशिक्षणर्थियों के साथ समीप कालोनियों में रैली उद्घोष के माध्यम से पयाावरण सरक्षण का सन्देश सूयका ांित , जेके सीमेंट के तकनीकी हेड राजेश ने पयाावरण ववािग सेचिंद्रकांित ततवारी, रजत पाटीदार, सीएसआर प्रमुख राहुल कुमार अन्य अर्धकारी के आदित्य में आयोजन किया गया द्य संस्था के प्राचार्य के एल जोशी का स्वागत किया और अपिसिंबोधि में कहा की पयाावरण की रक्षा के हमारी जीविशैली हिस्सा है जिसमें बदलाव होना चाहिए। कार्यक्रम में संस्थान के प्रशिक्षणाथार्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए दो बेहद शानदार और भावुक लघुनाटक प्रस्तुत कीए।

## खबर एक नजर...



## कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने जनसुनवाई में 28 लोगों की सुनी समस्याएं

मन्दसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग ने जनपद पंचायत मल्हारगढ़ के सभागार में जनसुनवाई कर। मल्हारगढ़ क्षेत्र के 28 लोगों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, एसडीएम स्वाति तिवारी भी मौजूद थे। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रकरणों का अवलोकन किया एवं नागरिकों की समस्याएं सुनीं।ग्राम मनासाखुर्द निवासी शैलेन्द्र सिंह ने किसान उप पंजीयन के रुपए नहीं मिलने के संबंध में आवेदन पर जिला डीएसओ मल्हारगढ़ को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। ढिकनिया के नागूलाल ने कृषि भूमि का सीमांकन करवाने, वास्तवीक कब्जा दिलवाने, अतिक्रमण संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर एसडीएम मल्हारगढ़ को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। मल्हारगढ़ जनसुनवाई के दौरान 28 आवेदकों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं के आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर संबंधित विभागों को समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए गए। वहीं मंदसौर में जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने 51 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो।

## अनियमितता पर दो मेडिकल फर्मो को कारण बताओ नोटीस जारी

मन्दसौर। बीपीएल चौराहा मन्दसौर में संचालित मेडिकल संस्थानों का निरीक्षण किया गया। जिसमे दवाईयों की एक्सपायरी चेक की गई नशे के रूप में दुरुपयोग होने वाली दवाओं के स्टॉक, रिकॉर्ड्स चेक किये गए। निरीक्षण के दौरान सभी औषधि विक्रेताओं को स्टॉक रजिस्टर मेंटेन रखने हेतु निर्देशित किया गया।सीएमएचओ ने बताया कि मंदसौर के श्रीजी मेडिकल से दवाईयो के नमूने जांच हेतु लिए गए, सिटी मेडिकल, वीर फार्मा में शेड्यूल एच१ की औषधियों के क्रय विक्रय रिकॉर्ड्स २ दिवस में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया तथा पूर्व में सीतामऊ तहसील में किए गए निरीक्षण में अनियमितता पायी जाने पर २ फर्मो पूजा मेडिकोज सीतामऊ व माँ आशापुरा मेडिकल सीतामऊ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया नोटिस का जवाब प्राप्त होने के बाद आगामी कार्यवाही की जाएगी तथा सीतामऊ तहसील सभी औषधि विक्रेताओं के साथ बैठक लेकर नशे कि रूप में दुरुपयोग होने वाली औषधियों के रिकॉर्ड्स मैंटेनेड रखने तथा बिना डॉक्टर के परामर्श पर दवा नहीं देने हेतु निर्देशित किया गया।

## ग्रीष्म काव्य गोष्ठी में बशीर बद्र और हंसमुख नागदा को दी गई काव्यांजलि

मंदसौर। अ.भा. साहित्य परिषद के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्म काव्य गोष्ठी में क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित साहित्यकारों, कवियों और गजलकारों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस विशेष साहित्यिक संध्या में देश के मशहूर गजलकार आरिफ अबरार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि फिल्म निमार्ता-निर्देशक प्रदीप शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस गोष्ठी में मशहूर शायर बशीर बद्र और मालवी हास्य कवि हंसमुख नागदा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी कालजयी रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम के दौरान आरिफ अबरार ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गजल सुनाई, तो वहीं इंदौर से आईं लेखिका संजू सेन ने सुमधुर स्वर में अपना गीत प्रस्तुत किया। इसके अलावा नरेंद्र त्रिवेदी ने बशीर बद्र साहब के प्रसिद्ध शेरों को पढ़कर समां बांध दिया और नंदकिशोर राठौर च्चादानज् ने स्व. हंसमुख के लोक भाषा मालवी में लिखे गए दोहों का पाठ कर उनकी यादों को ताजा किया। उर्दू की तहजीब, सावन की फुहारों और कृष्ण भजनों से सजी इस संगोष्ठी का सफल संचालन नरेंद्र भावसार द्वारा किया गया और अंत में सभी का आभार नरेंद्र त्रिवेदी ने व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री के टिप्पणी के विरोध में युवा कांग्रेस ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

मंदसौर। स्थानीय नेहरू बस स्टैंड स्थित श्री बड़े बालाजी हनुमान मंदिर में जिला युवा कांग्रेस द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। यह धार्मिक और राजनैतिक विरोध प्रदर्शन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ की गई कथित अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ किया गया था। कार्यकताओं ने हनुमान जी से मुख्यमंत्री को सदबुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की । इस अवसर पर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दुर्गेश सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का पद बेहद गरिमापूर्ण होता है, लेकिन वर्तमान मुख्यमंत्री सत्ता के अहंकार में अपनी भाषा की मयार्दा पूरी तरह भूल चुके हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन इस तरह की अभद्र बयानबाजी के लिए हमारी संस्कृति में कोई स्थान नहीं है।

# ग्राम बेड़िया से लौंधी तक सड़क क्षतिग्रस्त और जर्जर

## विधायक ने लिखा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को पत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेड़िया

क्षेत्रवासियों ने बेड़िया से ग्राम लौंधी तक 17 किमी लंबी सड़क का उन्नयन एवं पुनर्निर्माण केंद्रीय सड़क अवसंरचना कोष योजना के तहत करने कि मांग की है। क्षेत्रवासियों के अनुसार भारी वाहनों के निरंतर बढ़ते आवागमन के कारण बेड़िया से लौंधी तक सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त और जर्जर हो गई है। इस तारतम्य में विधायक सचिन बिरला ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में कहा गया है कि आवागमन की दृष्टि से बेड़िया-लौंधी-पीपलगांव-कसरावद मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रमुख जिला मार्ग है। इस सड़क का बेड़िया से लौंधी तक 17 किमी हिस्सा लंबे समय से बुरी तरह क्षतिग्रस्त और जर्जर है। इस कारण आवागमन में भारी बाधा उत्पन्न हो रही है और दुर्घटनाएं भी घटित हो रही हैं। इसलिए बेड़िया से लौंधी तक सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से का गुणवत्तापूर्ण उन्नयन और पुनर्निर्माण अत्यंत आवश्यक है।

उल्लेखनीय है कि इस सड़क का लौंधी से कसरावद तक के हिस्से का उन्नयन और पुनर्निर्माण किया जा चुका है। वर्ष 1999-2000 में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा बेड़िया से लौंधी तक सड़क के आधार का सुदृढ़ीकरण किए बगैर चौड़ीकरण किया गया था। वर्तमान में बेड़िया- लौंधी-पीपलगोन- कसरावद सड़क पर यातायात का दबाव निरंतर बढ़ता जा रहा है।उल्लेखनीय है कि कसरावद राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ा है। वहीं दूसरी ओर बेड़िया राज्यमार्ग पर स्थित है। बेड़िया में एशिया की सबसे बड़ी मिर्च मंडी होने के कारण देश-प्रदेश से बड़ी संख्या में भारी वाहनों का आवागमन लगा रहता है। इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर ट्रैफिक जाम की स्थिति में महाराष्ट्र की ओर जाने वाला भारी यातायात भी सनावद से बेड़िया होकर इसी सड़क से गुजरता है।

बेड़िया के समीप स्थित सेल्दा नेशनल थर्मल पावर स्टेशन सेल्दा प्लांट से प्रतिदिन 60 से 80 टन के सैकड़ों बलकर भी इसी सड़क से होकर गुजरते हैं।साथ ही नर्मदा तटों से 40 से 50 टन की क्षमता वाले डंपर इसी सड़क से रेत परिवहन करते हैं।पत्र में कहा गया है कि इस सड़क पर डामर और बेस की मोटाई मात्र 35 से 40 सेमी है।जो कि भारी यातायात के लिए उपयुक्त नहीं है।पत्र के अनुसार ग्राम लौंधी से बेड़िया तक का अधिकतम क्षेत्र काली मिट्टी का है और सड़क का स्तर भी खेतों के समानांतर है। इस कारण भारी वाहनों के दबाव के कारण सड़क का आधार भी धंस रहा है।पत्र में कहा गया है कि इस सड़क पर स्थित जीरभार, कानापुर,कातोरा एवं बड़गांव में जल निकासी हेतु नाली निर्माण नहीं होने के कारण सड़क निरंतर खराब होती जा रही है। इसलिए भारी वाहनों के निरंतर बढ़ते आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए बेड़िया से लौंधी तक 17 किमी लंबी हिस्से का उन्नयन और पुनर्निर्माण केंद्रीय सड़क अवसंरचना कोष योजना के अंतर्गत किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

## कलेक्टर ने जलावर्धन योजना अंतर्गत बसाड़ स्थित एनीकट और इंटेक वेल का किया निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

कलेक्टर हर्ष सिंह ने मंगलवार को जलावर्धन योजना के तहत निर्मित बसाड़ स्थित एनीकट और इंटेक वेल का निरीक्षण कर जलापूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल स्त्रोतों की वर्तमान स्थिति, तकनीकी व्यवस्थाओं और जलप्रदाय प्रणाली के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान स्काडा सिस्टम, लेवल सेंसर, रॉ वॉटर पंप, एनीकट के गेट, गेबियन वॉल और रॉ वॉटर राइजिंग मेन पाइपलाइन की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा हुई। संबंधित अधिकारियों से जलप्रदाय व्यवस्था के संचालन, निगरानी तंत्र और रखरखाव संबंधी जानकारी भी ली गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पारसडोह डैम से छोड़े जाने वाले पानी की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए और एनीकट एवं इंटेक वेल के जल स्तर पर प्रतिदिन नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों की नियमित निगरानी से शहर में निर्बाध और सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही सभी तकनीकी प्रणालियों को सतत क्रियाशील बनाए रखने और किसी भी संभावित समस्या के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिक निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, सहायक यंत्री प्रेम कुमार साहू, मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड से डीपीएम राहुल पवार, उपयंत्री सुरेश डोडियार और संविदाकार के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## गृह निर्माण कॉलोनी के रहवासी बदहाल सड़कों और पेयजल की किल्लत से परेशान





ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद

वार्ड क्रमांक -14 स्थित गृह निर्माण सहकारी समिति कॉलोनी के निवासी कॉलोनी की सड़कों की दुर्दशा और पेयजल की किल्लत के कारण लंबे समय से परेशान हैं। इस तारतम्य में कॉलोनीवासियों ने सोमवार को विधायक सचिन बिरला एवं नगरपालिका प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि कॉलोनी में दो वर्ष पूर्व ड्रेनेज लाइन निर्माण कार्य के दौरान कॉलोनी की मुख्य सड़क को खोदा गया था। ड्रेनेज का कार्य पूर्ण होने के बाद खोदी गई सड़कों की मरम्मत नहीं की गई। इस कारण कॉलोनी की सड़कों पर रहवासियों को आवागमन दूभर हो गया है।क्षतिग्रस्त सड़कों के कारण दुर्घटनाएं भी घटित हो रही हैं।ज्ञापन में कहा गया है कि मानसून आने वाला है।ऐसी स्थिति में कॉलोनी की सड़क की मरम्मत नहीं होने से जलभराव के कारण आवागमन एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और बढ़ जाएगी।

# टाईम पास

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**
1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 33 / 22 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | शे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौ | थी | जा | ह | कि | नि | ला | रा |
| आ | इ | व | मो | ध | आ | व | त | धि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | य | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | रा | र | अ | प | श |
| य | शि | या | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
एक गिलास जूस पीने के बाद
गोलू- एक गिलास और जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....

0000000000

पिता (बेटे से)- मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक रचना छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....

0000000000

लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं, आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...

0000000000

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई
गर्लफ्रेंड- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए
बॉयफ्रेंड- चल पगली कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं....

0000000000

टीचर- खुशी का कोई ठिकाना ना रहा, का वाक्य प्रयोग कीजिए
मयंक- एक लड़की थी, उसका नाम खुशी था खुशी रात दिन बॉयफ्रेंड से चैट करती थी इस बात से तंग आकर घरवालों ने उसे घर से निकाल दिया
बॉयफ्रेंड ने भी नहीं अपनाया
अब खुशी का कोई ठिकाना ना रहा.....

## रंग भरकर चित्र बनाओ



### 2.47 लाख करोड़ का एंटी एजिंग प्रोजेक्ट

# रूस बुढ़ापा रोकने की तकनीक बना रहा: सुअर के अंदर इंसानी अंग उगाने पर काम जारी



**ब्रह्मास्त्र ›› ब्रिसबेन**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने बढ़ती उम्र और शरीर की कमजोरी को रोकने के लिए 26 अरब डॉलर यानी करीब 2.47 लाख करोड़ रुपए का बड़ा सरकारी प्रोजेक्ट शुरू किया है।

न्यू हेल्थ प्रिजर्वेशन टेक्नोलॉजीज नाम के इस प्रोग्राम में मिनी-पिग्स (विशेष प्रजाति के सुअर) के अंदर इंसानी अंग उगाने जैसे तकनीकों पर काम किया जाएगा।

द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट में जीन थेरेपी, लैब में इंसानी अंग तैयार करना और बेहद कम तापमान वाली क्रायोथेरेपी जैसी तकनीकों पर भी काम होगा। रूसी सरकार का दावा है कि इस मिशन का मकसद उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करना और दशक के अंत तक करीब 1.75 लाख लोगों की जान बचाना है। रूस के डिप्टी साइंस मिनिस्टर डेनिस सेकिरीनस्की ने अप्रैल में कहा था कि वैज्ञानिक ऐसी जीन थेरेपी तैयार कर रहे हैं, जो शरीर की कोशिकाओं की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर सके। उन्होंने इसे एंटी-एजिंग की दिशा में सबसे अहम रिसर्च में से एक बताया। इस प्रोजेक्ट का एक बड़ा हिस्सा बायोप्रिंटिंग पर आधारित है। इसमें 3ऊप्रिंटर की मदद से जीवित टिश्यू और अंग तैयार किए जाते हैं। रूसी वैज्ञानिकों का दावा है कि वे इंसानी कार्टिलेज और चूहे की थायरॉयड ग्लैंड तैयार कर चुके हैं।

लक्ष्य है कि 2030 तक इंसानी अंगों का पूरी तरह रिप्लेसमेंट किया जा सके।

## एंटी-एजिंग के लिए 4 तकनीकों पर रिसर्च

**जीन थेरेपी**



जीन थेरेपी में इंसान के DNA या जीन को बदलकर बीमारी का इलाज करने की कोशिश की जाती है।

**3D बायोप्रिंटिंग**



3D बायोप्रिंटिंग में खास 'बायो-इंक' और जीवित कोशिकाओं की मदद से शरीर के टिश्यू और अंगों जैसे हिस्से प्रिंट किए जाते हैं।

**पेप्टाइड थेरेपी**



पेप्टाइड शरीर में बनने वाले छोटे प्रोटीन जैसे कंपाउंड होते हैं, जो कोशिकाओं को खास काम करने का सिग्नल देते हैं। पेप्टाइड थेरेपी में इन्हीं सिंथेटिक पेप्टाइड्स का इस्तेमाल किया जाता है।

# म्यांमार में विस्फोटकों के गोदाम में धमाका, 55 की मौत, 70 घायल

**ब्रह्मास्त्र ›› म्यांमार**

म्यांमार के उत्तर-पूर्वी इलाके में रविवार को विस्फोटकों के भंडार वाले एक घर में हुए धमाके में 55 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 70 लोग घायल हो गए। राहतकर्मियों और स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक धमाका नामखाम टाउनशिप के काउंगतुप गांव में हुआ। यह इलाका चीन की सीमा से करीब 3 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है और यहां तआंग नेशनल लिबरेशन आर्मी (ळठछअ) का कंट्रोल है। यह एक जातीय सशस्त्र समूह है, जिसकी म्यांमार की सैन्य सरकार के साथ समय-समय पर झड़पें होती रही हैं।

एक राहतकर्मी के मुताबिक धमाके की वजह से आसपास के 100 से ज्यादा घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। स्थानीय मीडिया संस्थानों ने मृतकों की संख्या 50 से 55 के बीच बताई है। प्रकाशित तस्वीरों और वीडियो में धमाके के बाद उठता धुआं, तबाह इमारतें और मलबा दिखाई दिया।

चीन के सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने भी कई लोगों के मारे जाने और घायल होने की पुष्टि की है। रिपोर्ट के मुताबिक शुरूआती जांच में पता चला है कि जिस जगह धमाका हुआ वहां खनन कार्यों में इस्तेमाल होने वाले बड़ी मात्रा में विस्फोटक रखे गए थे। म्यांमार फरवरी 2021 में सेना द्वारा सत्ता पर कब्जा किए जाने के बाद से लगातार अशांति और संघर्ष का सामना कर रहा है। सेना ने लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को हटाकर सत्ता संभाल ली थी, जिसके बाद देशभर में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए। बाद में कई विरोधी समूहों ने हथियार उठा लिए और अब देश के बड़े हिस्से संघर्ष की चपेट में हैं।

### दावा- ईरान ने अमेरिका से सीजफायर वार्ता रोकी

## होर्मुज स्ट्रेट फिर बंद करने की तैयारी; लेबनान पर हमलों के विरोध में फैसला

**ब्रह्मास्त्र ›› ईरान**

ईरान ने अमेरिका के साथ सीजफायर वार्ता फिलहाल रोक दी है। ईरानी न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक, तेहरान ने कहा है कि जब तक लेबनान में इजराइली हमले नहीं रुकते, तब तक मध्यस्थों के जरिए अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं होगी।

रिपोर्ट के अनुसार, ईरान का कहना है कि लेबनान में शांति बनाए रखना सीजफायर की अहम शर्तों में शामिल था। लेकिन अब लेबनान समेत कई मोर्चों पर इस समझौते का उल्लंघन हो रहा है। ईरान ने गाजा और लेबनान में इजराइल की सैन्य कार्रवाई तुरंत रोकने और लेबनानी क्षेत्र से इजराइली सेना की पूरी वापसी की मांग की है। तेहरान का कहना है कि जब तक इन मुद्दों पर उसकी और उसके सहयोगियों मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक बातचीत दोबारा शुरू नहीं होगी। तस्नीम की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ईरान और उसके सहयोगी होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह बंद करने और अन्य मोर्चों को एक्टिव करने के ऑप्शन पर भी विचार कर रहे हैं। इनमें लाल सागर के दक्षिणी हिस्से में स्थित बाब अल-मंदेब स्ट्रेट भी शामिल है।

## ट्रेंडिंग

# दावा- बंगाल में टीएमसी नेता घूस के पैसे लौटा रहे, सरकारी लाभ के बदले लिए थे

**पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद अब गांव-गांव में नेताओं से अवैध वसूली या कट-मनी, यानी रिश्वत का हिसाब मांगा जा रहा है। कई जिलों में तृणमूल से जुड़े स्थानीय नेताओं पर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर रिश्वत लेने के आरोप सामने आ रहे हैं।**





दावा किया जा रहा है कि बढ़ते दबाव के बीच कुछ नेताओं ने कट-मनी के नाम पर वसूले पैसे लौटाने भी शुरू कर दिए हैं। कूचबिहार के घुघुमारी इलाके में स्थानीय नेताओं ने लाउडस्पीकर से घोषणा कर लोगों को पैसे लौटाने की बात कही। कूचबिहार के ही माथाभांगा शहर के सुभाषपल्ली इलाके में आवास योजना के 14 लाभार्थियों को उनसे लिया गया कमीशन वापस किया गया। भाजपा नेताओं का दावा है कि कुछ लाभार्थियों ने पैसे वापस मिलने के बाद स्थानीय मंदिर में पूजा भी की। बीजेपी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इसका एक वीडियो भी पोस्ट किया है।

## मुर्शिदाबाद में ग्राम उपप्रधान कमीशन लेने के आरोप में गिरफ्तार

मुर्शिदाबाद के नूतनग्राम में बांग्लार आवास योजना के तहत रिश्ववत लेने के आरोप में ग्राम उपप्रधान सिराजुल शेख के खिलाफ ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। गांव वालों का आरोप है कि घर दिलाने के नाम पर 5 हजार से 15 हजार रुपए तक लिए जाते थे। दक्षिण 24 परगना के नामखाना में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर लिए गए 5-5 हजार रुपए ग्रामीणों को लौटाए गए। नामखाना के शिबरामपुर ग्राम पंचायत के सदस्य माधव चंद्र लाया ने दावा किया कि उन्होंने बिना किसी दबाव के खुद 45 ग्रामीणों को पैसे लौटाए। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पैसे पार्टी के दबाव में लिए गए थे और इसमें सीनियर पंचायत अधिकारियों और ळटउ नेताओं की मिलीभगत थी। हालांकि, मामले में अभी तक कोई औपचारिक पुलिस शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

## नादिया में महिलाओं की लक्ष्मीर भंडार योजना में 173 पुरुषों के नाम

नादिया जिले के धुबुलिया में महिलाओं के लिए चलाई जा रही लक्ष्मीर भंडार योजना के लाभार्थियों की लिस्ट में 173 पुरुषों के नाम मिले हैं। फरवरी से अब तक इन खातों के जरिए पैसे भी निकाले गए। जिलाधिकारी श्रीकांत पल्ली ने बताया कि जांच के बाद इन नामों को सूची से हटा दिया गया है। इस बीच मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि लक्ष्मीर भंडार योजना के करीब 2.2 करोड़ लाभार्थियों में से लगभग 30 लाख लाभार्थी फर्जी हो सकते हैं। उन्होंने इस मामले में रक्ळ जांच और मनी लॉन्ड्रिंग एंगल से भी पड़ताल की बात कही है।

### जांच के लिए आयोग गठित, सीधे कर सकेंगे शिकायत

राज्य सरकार ने 18 मई को कथित कट-मनी, सरकारी फंड के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं की जांच के लिए 'इंस्टिट्यूशनल कमीशन' गठित किया है। रिटायर्ड जज विश्वजीत बसु इसकी अध्यक्षता करेंगे। सरकार को उम्मीद है कि आयोग शुरू होने के बाद लोग सीधे शिकायत दर्ज करा सकेंगे।



### ग्रामीणों को धमकी देने का आरोप लगाया

स्थानीय भाजपा नेता सुरेंद्र बर्मन ने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार में ग्रामीणों को धमकी दी जाती थी कि अगर वे पैसे नहीं देंगे तो सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा या जमीन के लेन-देन में बाधा डाली जाएगी। हालांकि, कूचबिहार जिले के टीएसी नेतृत्व ने कहा कि पार्टी का किसी भी तरह की अवैध वसूली या कट-मनी से कोई संबंध नहीं है। पार्टी नेताओं ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति ने अवैध रूप से पैसे लिए हैं तो उसका जवाब उसे खुद देना होगा और पार्टी ऐसे कामों का समर्थन नहीं करती।

## ममता की बैठक में 80 में 60 विधायक नहीं पहुंचे:अभिषेक-कल्याण पर हमले के खिलाफ कल प्रदर्शन

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को ळटउ विधायकों की बैठक बुलाई थी, लेकिन 80 में से सिर्फ 20 विधायक ही पहुंचे। यह बैठक दोपहर 3 बजे कोलकाता के कालीघाट स्थित ममता के आवास पर होनी थी, लेकिन 60 विधायकों के नहीं आने पर बैठक टाल दी गई। प्रवक्ता कुनाल घोष ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और सांसद कल्याण बनर्जी पर हुए हमलों के विरोध में 1 जून को राज्यभर में प्रदर्शन होना है। सभी विधायक इसकी तैयारी में व्यस्त थे। जो विधायक नहीं पहुंचे, उन्होंने पहले ही इसकी जानकार दे दी थी। कुनाल घोष ने बताया कि 2 जून को पार्टी ममता बनर्जी के नेतृत्व में कोलकाता के एस्प्लेनेड स्थित रानी रश्मोनी रोड पर सांकेतिक धरना करेगी। यह धरना चुनाव बाद हिंसा और राज्यभर में बुलडोजर के जरिए किए जा रहे हॉकर्स निष्कासन अभियान के खिलाफ रहेगा।

### 31 मई- सांसद कल्याण बनर्जी पर हमला

सांसद कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया कि हुगली में पुलिस स्टेशन के बाहर इखढ समर्थकों ने उन पर हमला किया, जिससे वे घायल हो गए। उन्होंने कहा कि यहां भगवा कपड़े पहने 10-15 इखढ के गुंडे थे, जिन्होंने अचानक नारे लगाए, मुझे गालियां दी और पत्थर से हमला किया।

### 30 मई- सांसद अभिषेक बनर्जी से मारपीट

शनिवार को दक्षिण सोनारपुर में अभिषेक बनर्जी के साथ मारपीट हुई थी। उन पर अंडे और चप्पल भी फेंके गए थे। अभिषेक ने आरोप लगाया कि उनकी हत्या की कोशिश की गई। इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### 27 मई- सांसद काकोली का इस्तीफा

बंगाल के बारासात से ळटउ सांसद काकोली घोष ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दिया था। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी को भेजे लेटर में लिखा था कि मानसिक संघर्ष और लंबे चिंतन के बाद यह फैसला लिया है।इस्तीफे से पहले काकोली ने पश्चिम बंगाल के उट शुभेंदु अधिकारी की अध्यक्षता में कल्याणी में हुई बैठक में शामिल हुई थीं।

# ट्रम्प 80 साल की उम्र में पूरी तरह फिट:दिल की उम्र 14 साल कम निकली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अगले महीने 14 जून को 80 साल के हो जाएंगे। उम्र के इस पड़ाव पर भी वह पूरी तरह फिट हैं। व्हाइट हाउस ने ट्रम्प की नई मेडिकल रिपोर्ट शुक्रवार को जारी की है। 3 पन्नों की इस रिपोर्ट में उनकी सेहत को बेहतरीन बताया गया है। ट्रम्प की मानसिक क्षमता की जांच के लिए मॉन्ट्रियल कॉग्निटिव असेसमेंट (एमओसीए) टेस्ट भी कराया गया। यह करीब 10 मिनट का टेस्ट होता है, जिससे डिमेंशिया, अल्जाइमर या दूसरी मानसिक समस्याओं के संकेतों का पता लगाया जाता है। ट्रम्प को इस टेस्ट में 30 में से पूरे 30 अंक मिले। व्हाइट हाउस के डॉक्टर शॉन पी. बारबाबेला ने बताया कि राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारियां निभाने के लिए ट्रम्प पूरी तरह फिट हैं। उनकी दिले, फेफड़े, दिमाग और शरीर बहुत मजबूत है। ट्रम्प की ह्यकार्डियक एजह्व यानी दिल की वास्तविक उम्र उनकी असली उम्र से 14 साल कम है।

### राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मेडिकल रिपोर्ट

**ली जा रही दवाएं**
- रोसुवास्टैटिन,एजेटिमिब (कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल)
- एस्पिरिन (दिल की सुरक्षा के लिए)



**सोशल हिस्ट्री**
जिंदगीभर तंबाकू और शराब से दूरी

| जांच | रिपोर्ट | सामान्य रेंज |
|---|---|---|
| फास्टिंग ब्लड शुगर | 83.2 mg/dL | 70-99 mg/dL |
| हीमोग्लोबिन A1c | 5.3 | 4.0-5.6 |
| होमोसिस्टीन | 14.6 | 0-19.9 |
| BUN | 20 mg/dL | 8-23 mg/dL |
| क्रिएटिनिन | 0.83 mg/dL | 0.74-1.35 mg/dL |
| ALT | 29 U/L | 7-56 U/L |
| AST | 26 U/L | 10-40 U/L |
| विटामिन B12 | 355 pg/mL | 200-900 pg/mL |
| विटामिन D | 45 | 30-100 |
| PSA | 1.0 ng/mL | 4.0 ng/mL से कम |
| TSH | 2.270 μIU/mL | 0.4-4.0 μIU/mL |

### 22 एक्सपर्ट डॉक्टरों ने जांच की

ट्रम्प का यह मेडिकल चेकअप मंगलवार को वॉल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में हुआ था। ट्रम्प अमेरिका के सबसे अधिक उम्र के राष्ट्रपति हैं। ऐसे में 22 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने उनकी कई तरह की शारीरिक और मानसिक जांच की गई। इसमें उळ स्कैन, हार्ट इमेजिंग, कैंसर स्क्रीनिंग और कई प्रिवेंटिव टेस्ट शामिल थे। डॉक्टरों ने उनके दिल का अल्ट्रासाउंड (इकोकार्डियोग्राम) भी किया। पिछले साल उनके कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम की अतिरिक्त जांच हुई थी और उन्हें क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी नाम की बीमारी बताई गई थी। इस स्थिति में पैरों की नसों को खून वापस दिल तक पहुंचाने में दिक्कत होती है। रिपोर्ट में कहा गया कि ट्रम्प का कॉग्निटिव (याद रखने और फैसले लेने की क्षमता) और फिजिकल परफॉर्मेंस एक्सीलेंट है। डॉक्टर ने लिखा कि ट्रम्प के व्यस्त शेड्यूल, लगातार मीटिंग्स, पब्लिक इवेंट्स और शारीरिक गतिविधियां उनकी ओवरऑल हेल्थ को सपोर्ट करती हैं।

### 1 साल में 6.3 किलो वजन बढ़ा

ट्रम्प का वजन अब 238 पाउंड यानी करीब 108 किलो है। यह मेडिकल तौर पर मोटेपे के करीब है। अप्रैल 2025 की पिछली मेडिकल जांच में उनका वजन 224 पाउंड यानी करीब 101.6 किलो था। ट्रम्प पहले सार्वजनिक तौर पर कह चुके हैं कि उन्होंने वजन घटाने वाली दवाएं नहीं ली हैं, हालांकि उन्होंने मजाक में यह भी कहा था कि शायद उन्हें लेनी चाहिए। जांच में शामिल डॉक्टर बारबाबेला ने ट्रम्प को वजन कम करने, हेल्दी डाइट अपनाने और ज्यादा फिजिकल एक्टिविटी की सलाह दी है। उन्हें कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ और वेट लॉस को लेकर काउंसलिंग भी दी गई। मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प इस समय कॉलेस्ट्रॉल और हार्ट की तीन दवाएं ले रहे हैं। इनमें दो दवाएं, ह्यरोसुवास्टैटिनह्व और ह्यएजेटिमिबह्व कॉलेस्ट्रॉल कंट्रोल के लिए है। वहीं एक लो-डोज ह्यएस्पिरिनह्व हार्ट संबंधी बीमारियों से बचाव के लिए दी जा रही है।

### डॉक्टरों ने ट्रम्प के हाथों पर पड़े निशानों की वजह बताई



ट्रम्प की सेहत को लेकर पिछले कुछ समय से सवाल उठते रहे हैं। लोगों ने उनके हाथों पर बार-बार नीले निशान देखे हैं। पहले व्हाइट हाउस ने कहा था कि ये लगातार हाथ मिलाने की वजह से हुए हैं। बाद में ट्रम्प ने कहा कि बाएं हाथ का निशान मेज से टकराने और एस्पिरिन लेने की वजह से पड़ा। डॉक्टर बारबाबेला ने रिपोर्ट में दोनों वजहों का जिक्र करते हुए कहा कि एस्पिरिन लेने वालों में ऐसे निशान पड़ना आम और नुकसानरहित बात है। रिपोर्ट में कहा गया कि ट्रम्प के पैरों के निचले हिस्से में हल्की सूजन थी, जो पिछले साल की तुलना में बेहतर हुई है। हालांकि, इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई।

## खबर एक नजर...

### फर्जी मालिक बन सौदा करने वाले 5 दिनों की रिमांड पर

**उज्जैन।** जमीन का फर्जी मालिक बनकर ग्राम सलामता में 12 बीघा जमीन का सौदा 1.39 करोड़ करने के बाद अनुबंध के दौरान 36 लाख की धोखाधड़ी करने वाले की शिकातय ग्राम मानपुरा में रहने वाले रविन्द्रसिंह तंवर और उसके भतीजे कुलदीपसिंह ने माधवनगर थाना पुलिस को दर्ज कराई थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर धोखाधड़ी करने वाले तथाकथित जमीन मालिक दिलीप सिंह जिसका वास्तविक नाम भैरूसिंह पिता करणसिंह निवासी ग्राम खेड़ा चितावलिया और सौदा करने वाले दलाल मंगल पिता हाकमसिंह निवासी ग्राम रलायती को गिरफ्तार किया था। दोनों को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से 5 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि दोनों से स्वीफ्ट कार, मोबाइल के साथ फर्जी आधार कार्ड और कई दस्तावेज बरामद किये गये है। रिमांड अवधि में धोखाधड़ी से जुड़े अन्य आरोपियों की जानकारी जुटाई जा रही है। जिनकी गिरफ्तारी भी जल्द की जायेगी। दोनों आरोपी गिरोह के रूप में काम करते है। उनके द्वारा कई लोगों से धोखाधड़ी किया जाना सामने आ रहा है।

### जहरीला पदार्थ खाने वाले होटल संचालक की मौत

**उज्जैन।** माकडोन के नयापुरा में रहने वाला अर्जुन पिता मायाराम नायक 35 साल कस्बे के चौराहा पर चाय-नाश्ते की दुकान संचालित करता था। सोमवार को उसने जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसे मां गीताबाई परिवार के सदस्यों की मदद से अस्पताल लेकर पहुंची थी। उज्जैन लाने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां आधी रात को अर्जुन की मौत हो गई। मंगलवार सुबह माधवनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामने आया कि मृतक 2 बच्चों का पिता था, घर में कोई परेशानी नहीं थी, दुकान भी अच्छी चलती थी, अर्जुन ने ऐसा कदम क्यों उठाया यह स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच माधवनगर थाना पुलिस द्वारा माकडोन थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

### सब्जी व्यवसाई का रास्ता रोक बदमाशों ने किया हमला

**उज्जैन।** फ्रीगंज में सब्जी का व्यवसाय करने वाला तुषार पिता पप्पू रायकवार निवासी कंचनपुरा सोमवार रात 11.30 दुकान बंद करने के बाद घर लौट रहा था। कंचनपुरा में उसका रास्ता मोनू, साहिल, ओम, गोलू और आयुष ने रोक लिया। बदमाशों ने पाऊच लाने की बात कहीं। जिस पर उनका विवाद हुआ। बदमाशों ने लाठियों से हमला कर दिया। घटना में तुषार के दोनों पैर फैक्चर हो गये। बदमाश जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। तुषार के साथ मारपीट का पता चलते ही भाई सिद्धू पहुंचा और उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया। जहां डॉक्टरों ने भर्ती कर मामले की सूचना पुलिस को दी।

### रास्ते को लेकर परिवार के बीच विवाद में पांच घायल

**उज्जैन।** महिदपुर थाना क्षेत्र के बैजनाथ में एक ही परिवार से जुड़े सुरेश पिता रमेशपुरी और ओम पिता तेजपुरी के बीच मंगलवार दोपहर विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि सुरेशपुरी के परिवार ने ओमपुरी के घर के सामने निर्माण मटेरियल रख दिया था। जिसके चलते रास्ता बंद हो गया था। ओम के परिवार ने मटेरियल हटाने के लिये बोला तो दोनों पक्ष भिड़ गये। एक ओर से सुरेश और उमा घायल हुई। दूसरी ओर से ओम, उसके पिता तेजपुरी और राधाबाई को चोंट आई है। मामले में महिदपुर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### बाइक सवार दंपति को डंपर ने मारी टक्कर, पति की मौत

**उज्जैन।** बड़नगर मार्ग नलवा ब्रिज पर मंगलवार दोपहर बाइक सवार दंपति को डंपर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में पति की मौत हो गई, पत्नी गंभीर घायल है। दोनों झाबुआ के रहने वाले है। परिजनों के आने पर मृक का पोस्टमार्टम कराया जायेगा। चिंतामण थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि दोपहर में दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस नलवा ब्रिज बड़नगर मार्ग पहुंची थी। इस दौरान सामने आया कि बाइक सवार दंपति को तेजगति से दौड़ते डंपर ने टक्कर मारी है। दोनों को गंभीर हालत में चरक अस्पताल लाया गया, लेकिन पति की मौत हो चुकी थी। पत्नी की हालत नाजुक बनी हुई थी और वह बोल पाने की स्थिति में नहीं थी। दोनों की पहचान करने पर मृतक पति का नाम सुरेश पिता नंदू भाबोर 35 साल निवासी नयापुरा सारंगी थाना पेटलावद झाबुआ सामने आया। शाम को दुर्घटना की सूचना परिजनों को दी गई। जिनके आने पर बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा। बताया जा रहा है कि दोनों मजदूरी करते थे और उज्जैन से बाइक पर सवार होकर वापस झाबुआ लौट रहे थे। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल मर्ग कायम किया गया है। डंपर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 599/3 | 189/8 |
| मेन बाजार | 570/2 | 178/6 |
| मिलन डे | 160/7 | 130/4 |
| मिलन नाइट | 367/6 | 280/0 |

5 8 0

---

**उपचार के दौरान दोनों की मौत, गांव का माहौल हुआ गमगीन**

# पुत्र को जहरीली गोली खिलाने के बाद मां ने भी खाई

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



उज्जैन/झारड़ा। ग्राम लसुडिया गोयल में मंगलवार को दर्दनाक घटनाक्रम सामने आया। 8 साल के पुत्र को जहरीली गोली खिलाने के बाद मां ने भी खाली। परिजनों ने दोनों की बिगड़ती हालत देखी तो उपचार के लिये आगर अस्पताल लेकर पहुंचे। बालक को डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर कर दिया। कुछ देर बाद दोनों की मौत हो गई।

झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम लसुडिया गोयल में 3 भाईयों का सयुक्त परिवार रहता था और 20 बीघा जीमन पर खेती करता है। परिवार में कोई विवाद नहीं है। मंगलवार सुबह 6.30 बजे के लगभग परिवार के एक भाई रघुसिंह तंवर की पत्नी सीमाबाई और 8 साल का पुत्र राजवीर उल्टियां करते दिखाई दिये। सीमाबाई के जेठ शिवसिंह तंवर ने दोनों को देखा तो तत्काल परिवार के साथ आगर अस्पताल लेकर पहुंचे। इस बीच सामने आया कि सीमाबाई ने पहले पुत्र को जहरीली गोली खिलाई और फिर खुद ने खा ली। आगर पहुंचने पर डॉक्टरों ने बालक राजवीर को उज्जैन रैफर कर दिया। राजवीर को उज्जैन लाया जाता, उससे पहले सीमाबाई की आगर अस्पताल में मौत हो गई। उज्जैन के निजी अस्पताल में राजवीर को भर्ती किया गया, जहां दोपहर में उसकी भी मौत होना सामने आया। सीमाबाई का आगर में पोस्टमार्टम कराया गया। बालक राजवीर को उज्जैन नीलगंगा पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। मां और पुत्र की मौत होने की खबर लसुडिया गोयल पहुंची तो गांव का माहौल गमगीन हो गया। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि सीमाबाई ने ऐसा कदम क्यों उठाया। मामले में नीलगंगा थाना एसआई मनोहर बडोदिया ने बताया कि बालक के बड़े पापा शिवसिंह के बयान दर्ज कर शव सौंपा गया। शिवसिंह ने भी ऐसा कोई कारण नहीं बताया कि जिससे दोनों के द्वारा उठाये गये कदम का कारण स्पष्ट हो पाये। वहीं झारड़ा थाना प्रधान आरक्षक भारतसिंह चौहान ने बताया कि गांव में भी परिवार के गमगीन होने पर कोई वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

**इनका कहना-** मां और पुत्र की मौत का मामला सामने आया है। घटनाक्रम के बाद पुलिस उनके घर पहुंची थी, लेकिन परिवार के कुछ लोग आगर और कुछ उज्जैन में होने पर जानकारी सामने नहीं आ पाई। लेकिन माना जा रहा है कि पारिवारिक विवाद के चलते दुःखद घटना हुई है। जांच के बाद मामला स्पष्ट हो पायेगा।- **आनंद भाबोर, टीआई झारड़ा**

#### शादी के सालों बाद हुई थी जुड़वा संतान

मृतक बालक राजवीर के बड़े पापा शिवसिंह ने बताया कि घर में किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं था परिवार संयुक्त रूप से रहता है। सीमा और रघुसिंह की शादी के बाद कई सालों तक उनकी कोई संतान नहीं हुई थी। काफी इलाज करने पर सीमा ने जुड़वा संतान को जन्म दिया था। एक राजवीर और दूसरी उसकी बहन है। बहन अपने मामा के यहां मैहरखेड़ी में रहती है। राजवीर माता-पिता और परिवार के साथ रहता था।

#### दोनों का अलग-अलग हुआ अंतिम संस्कार

बताया जा रहा है कि सीमा का मायका आगर के पास मैहरखेडी में था। आगर अस्पताल में मौत होने पर उसका अंतिम संस्कार मायके पक्ष द्वारा मेहरखेड़ी में किया गया। वहीं उज्जैन में राजवीर की मौत होने पर उसे लसुडिया गोयल अंतिम संस्कार के लिये लाया गया। पूरे परिवार के साथ गांव का माहौल गमगीन बना हुआ है।

---

# भस्मारती के नाम मुम्बई के श्रद्धालु से पूर्व गार्ड ने की ठगी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



महाकाल मंदिर में भस्मारती के नाम पर श्रद्धालुओं से ठगी का सिलसिला फिर से शुरू हो चुका है। पिछले कुछ दिनों में 3 तीसरा मामला सामने आया है। जब बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से दर्शन के नाम पर रुपए लेकर ठगी की गई है। पुलिस ने तीनों मामलों में प्रकरण दर्ज किये है।

महाकाल थाना एएसआई श्रवण कुमार ने बताया कि मंगलवार को मुम्बई के रहने वाले धीरज पिता संजय चौरघे की शिकायत पर भस्मारती के नाम पर हुई 4250 रुपए की ठगी के मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। श्रद्धालु धीरज के अनुसार वह 24 मई को उन्हे संतोष अकोदिया का नम्बर मिला था। जिससे संपर्क होने पर उसे ऑनलाइन 3 हजार का ट्रांजेक्शन किया गया। 2 दिन बाद फिर 1250 ऑनलाइन गूगल पे के माध्यम से दिये गये। 29 मई को उज्जैन आने पर संतोष से संपर्क का प्रयास किया गया तो उसने मोबाइल रिसिव नहीं किया, बाद में स्वीच ऑफ आने लगा। एएसआई श्रवण कुमार के अनुसार श्रद्धालु द्वारा शिकायत आवेदन के माध्यम से की थी, जिसकी जांच के बाद मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं मामले में थाना प्रभारी गगन बादल ने चर्चा में बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि श्रद्धालु से भस्मारती के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी पूर्व में मंदिर का सुरक्षा गार्ड रह चुका है। उसने कुछ साल पहले काम छोड़ दिया था। जिसकी तलाश मोबाइल लोकेशन के आधार पर जारी है। विदित हो कि इससे पहले 13 मई को महाराष्ट्र के 3 श्रद्धालुओं को मंदिर के सुरक्षा कर्मियों ने नंदी से दर्शन करते पकड़ा था। श्रद्धालुओं ने आशुतोष शर्मा को रुपए देकर दर्शन करने और भस्मारती की बुकिंग के लिये संपर्क करना बताया था। उक्त मामले में महाकाल थाना पुलिस ने मंदिर के सुपरवाइजर मुकेश बोगना की शिकायत पर आशुतोष के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। 17 मई को बडोदरा की 2 महिला श्रद्धालु के साथ भस्मारती के नाम पर 42 हजार की धोखाधड़ी होना सामने आया था। महिला श्रद्धालु गूगल पर भस्मारती बुकिंग के लिये नम्बर सर्च किया था। उनका संपर्क दीपक मिश्रा से हुआ था। जिसने दर्शन, प्रोटोकॉल और सेव मनी के नाम पर रुपए लिये थे।

---

**बैठक के बाद एडीजी निकले निरीक्षण पर**

# महाकाल मंदिर से नईखेड़ी स्टेशन तक देखी व्यवस्था

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



सिंहस्थ 2028 को लेकर धार्मिक नगरी में चली रही तैयारियों को लेकर मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) उज्जैन पहुंचे और समीक्षा बैठक में शामिल होने के बाद अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने महाकाल मंदिर से नईखेड़ी रेलवे स्टेशन तक पहुंचे।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सिंहस्थ) उपेन्द्र जैन सिंहस्थ 2028 की धार्मिक नगरी में चल रही तैयारियों का अवलोकन करने आये थे। उन्होने सबसे पहले समीक्षा बैठक आयोजित कर स्थानीय पुलिस अधिकारियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर जानकारी ली। उसके बाद ट्रेवलर में संभागायुक्त आशीष सिंह, आईजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर रोशन सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, महाकालेश्वर मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक और अन्य अधिकारियों के साथ सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, क्राउड फेसीलिटेशन, सुरक्षा व्यवस्था, आपदा प्रबंधनका अवलोकन करने निकले। इस दौरान सभी अधिकारियों के साथ उन्होने श्री महाकालेश्वर मंदिर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की संभावित आवाजाही, दर्शन व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग, यातायात संचालन, पार्किंग प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिये। उसके बाद नईखेड़ी रेलवे स्टेशन पहुंचकर वहां प्रस्तावित विकास कार्यों एवं प्रारंभिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। सिंहस्थ अवधि में रेलवे स्टेशन पर संभावित यात्री दबाव, यात्री सुविधाओं, यातायात समन्वय, पार्किंग व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधन से संबंधित आवश्यकताओं का आकलन किया गया। एडीजी ने संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं समन्वित रूप से कार्य करते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

---

**2 दिन की रिमांड पर पूछताछ, साथियों की तलाश**

# पिस्टल-कारतूस के साथ बदमाश से बरामद हुई ड्रग्स

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मादक पदार्थ और अवैध हथियार के साथ मंगलवार को पुलिस ने एक बदमाश को घेराबंदी कर हिरासत में लिया। जिसके खिलाफ एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। बदमाश से रिमांड पर पूछताछ जारी है। उसके कुछ साथी भी हिरासत में आ सकते है।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक बदमाश अवैध हथियार और मादक पदार्थ के साथ ऋणमुक्तेश्वर पुलिया के पास खड़ा है। संभवतः वह किसी को इंतजार कर रहा है। सूचना पर प्रभात गश्त में शामिल एसआई दौलतसिंह रावत, प्रधान आरक्षक बलवान राणा, आरक्षक ब्रजभूषण, गजधर वर्मा, कुलदीप भंडारी बदमाश की घेराबंदी के लिये पुलिया के पास पहुंचे। उसी दौरान एक ने पुलिस को आता देख भागने का प्रयास किया, जिसका पीछा किया और पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसका नाम पियुष पिता नरेन्द्र गेहलोद 38 साल निवासी उदपुरा सामने आया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 2 देशी पिस्टल, 9 खाली राउंड और 1 जिंदा राउंड के साथ जेब में रखी प्लास्टिक की पारदर्शी थैली में पांच ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। मादक पदार्थ और अवैध हथियार मिलने पर बदमाश के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 8/22 के साथ आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 का प्रकरण दर्ज किया गया। बदमाश का अपराधिक रिकार्ड खंगालने पर सामने आया कि उसके खिलाफ मारपीट, लड़ाई-झगड़ा, शांति भंग करने और अन्य गतिविधियों के 8 प्रकरण दर्ज है। जिसे दोपहर में कोर्ट पेश कर 2 दिनों की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में कुछ नाम सामने आये है। जिनकी गिरफ्तारी के लिये रात में दबिश के लिये एक टीम रवाना की गई है।

---

# जवानों ने गोता लगाकर क्षिप्रा में डूबते श्रद्धालु को बचाया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



राजस्थान से धार्मिक यात्रा पर आया परिवार मंगलवार शाम मोक्षदायिनी क्षिपा नदी पर आस्था का नहान करने पहुंचा था। सिद्ध आश्रम के सामने डूबकी लगाते समय अचानक परिवार का एक सदस्य गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देख घाट पर पेट्रोलिंग कर रहे एसडीआरएफ जवान आशीष चौहान और होमगार्ड सैनिक दीपक पटेल ने तत्काल नदी में गोता लगाया और डूबते श्रद्धालु को बचाकर बाहर निकला लिया।

रामघाट चौकी प्रभारी ईश्वर चौधरी ने बताया कि दोनों जवानों की मदद के लिये होमगार्ड के जवान विजेन्द्रसिंह, जितेन्द्रसिंह और भैरू सोलंकी भी पहुंच गये थे। श्रद्धालु को निकालने के बाद प्राथमिक उपचार दिया गया। वह पूरी तरह से ठीक होना सामने आया। पूछताछ करने पर श्रद्धालु का नाम प्रेम कुमार पिता जयप्रकाश 28 साल पता चला। जिसे परिजनों के सुपुर्द किया गया। श्रद्धालु का कहना था कि उसे गहराई का अंदेशा नहीं था, पैर फिसलने पर गहरे पानी में चला गया था। क्षिप्रा नदी के घाटों पर होमगार्ड/एसडीआरएफ के जवानों द्वारा लगातार तीन शिफ्टों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये पेट्रोलिंग की जाती है। हर दिन आस्था का नहान करने वालों को गहराई में नहीं जाने की समझाईश अलाउंसमेंट के माध्यम से दी जाती है। बावजूद होमगार्ड के जवान क्षिप्रा तैराक दल के साथ मिलकर डूबते श्रद्धालुओं को बचाने में अपनी भूमिका निभाते है।

---

**पुलिस प्रशिक्षण शाला में संचालित नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण के पांचवे सत्र**

# वर्दी का सम्मान जनता के विश्वास से है- अति. पुलिस महानिदेशक गुप्ता

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




पुलिस प्रशिक्षण शाला में संचालित नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण के पांचवे सत्र का दीक्षांत परेड सामारोह मंगलवार को आयोजित किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राकेश गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्दी का सम्मान जनता के विश्वास से है।

मक्सीरोड पुलिस प्रशिक्षण शाला में विशेष पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण रवि कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश की विभिन्न पुलिस प्रशिक्षण इकाईयों में नव आरक्षकों का बुनियादी प्रशिक्षण उत्कृष्ट स्तर का संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के पांचवे सत्र का दीक्षांत परेड समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राकेश गुप्ता थे। उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि यह आरक्षक मध्यप्रदेश पुलिस की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। वर्दी का सम्मान जनता के विश्वास से है और आमजन से अच्छा व्यवहार ही पुलिस की असली पहचान है। यह नव आरक्षक पुलिस के समक्ष आने वाली नई चुनौतियां का सामना डटकर करेंगे और अपने कर्तव्य पथ पर अनुशासन के साथ पूर्ण लगन के साथ आगे बढ़ते रहेंगे। उन्होने परेड और गरिमापूर्ण आयोजन के लिए पुलिस अधीक्षक पीटीएस और पूरे स्टाफ को बधाई दी । पीटीएस पुलिस अधीक्षक मनीषा पाठक सोनी द्वारा बताया गया कि इस बैच में 313 दिवस प्रशिक्षण दिया गया। 206 प्रशिक्षणार्थी पास आउट हो रहे हैं ।नव आरक्षकों का प्रशिक्षण पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार दो सेमेस्टर में पूरा होता है जिसमें 12 विषयों की लिखित परीक्षा आयोजित होती है, साथ ही आउटडोर एक्टिविटीज की ट्रेनिंग होती है ट्रेनिंग के दौरान आधुनिक हथियारों से फायरिंग का भी प्रशिक्षण दिया गया। साइबर वॉरियर योजना के अंतर्गत 61 नव आरक्षक चयनित हुए हैं।

**नवआरक्षकों को दिलाई गई शपथ-** कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक मनीषा पाठक सोनी द्वारा नव आरक्षकों को संविधान और पुलिस आचरण संहिता की शपथ दिलाई गई । जिसमें उन्होंने देशभक्ति जन-सेवा और कर्तव्य परायणता की शपथ ली। प्रशिक्षण काल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नव आरक्षकों को पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्धारित नगद राशि और ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन निरीक्षक नितिन अमलावद और आईजी ऑफिस उज्जैन के डॉ. अनिल जूनवाल द्वारा किया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com